● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 123, पृष्ठ : 08, सीधी, सोमवार, 09 जून 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



असम से बाहर निकाले जाएंगे बांग्लादेशी : सरमा 5

अब मैदान पर कब दिखेंगे विराट कोहली? 6




# अगले साल तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में सरकार बनाएगी एनडीए : शाह

**मदुरै।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को मदुरै में कहा कि अगले साल तमिलनाडु के विधानसभा चुनाव में जनता द्रमुक को हराएगी। उन्होंने कहा कि साल 2026 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और अन्नाद्रमुक मिलकर एनडीए सरकार बनाएंगे। शाह ने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल में एनडीए की सरकार बनेगी।

उन्होंने यह भी कहा कि यह सम्मेलन द्रमुक सरकार को सत्ता से हटाने और बदलाव की शुरुआत का संकेत है। अमित शाह ने कहा कि तमिलनाडु की जनता अब बदलाव चाहती है और भाजपा कार्यकर्ता इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं।

अमित शाह ने कहा, यहां 2026 में बीजेपी-एआईएडीएमके गठबंधन की एनडीए सरकार बनेगी। एम.के. स्टालिन कहते हैं कि अमित शाह द्रमुक को हरा नहीं सकते। वह सही कह रहे हैं, मैं नहीं, बल्कि तमिलनाडु की जनता आपको हराएगी। शाह ने आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनावों की तैयारी की समीक्षा भी की और राज्य के नेताओं के साथ रणनीति पर चर्चा की।

शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, तमिलनाडु की जनता द्रमुक सरकार के भ्रष्टाचार से तंग आ चुकी है। भाजपा के कार्यकर्ता हर



गली, मोहल्ले और घर तक पहुंचेंगे और (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए का विकसित और समृद्ध तमिलनाडु का दृष्टिकोण लोगों तक पहुंचाएंगे।

शाह ने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 10 साल में तमिलनाडु को 6.80 लाख करोड़ रुपये दिए हैं। फिर भी मुख्यमंत्री स्टालिन पूछते हैं कि केंद्र ने राज्य के लिए क्या किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री स्टालिन को चुनौती दी कि वह बताएं क्या उन्होंने 2021 के चुनाव में द्रमुक की ओर से किए गए सभी वादों को पूरा किया है। अमित शाह ने आरोप लगाया कि तमिलनाडु में शराब बिक्री घोटाले के बराबर पैसे से हर स्कूल में कम से कम दो कक्षाएं बनाई जा सकती थीं।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, मैं तमिलनाडु सरकार से एक बार फिर अपील करता हूं कि मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई जल्द ही तमिल भाषा में शुरू की जाए। प्रधानमंत्री मोदी ने संसद में सेंगोल स्थापित कर तमिलनाडु का सम्मान किया है, और मैं उम्मीद करता हूं कि मुख्यमंत्री स्टालिन उन्हें इसके लिए धन्यवाद देने के लिए पत्र लिखेंगे।

गृह मंत्री शाह ने दिन की शुरुआत प्रसिद्ध मीनाक्षी मंदिर के दर्शन से की, जहां उन्होंने पूजा की और मंदिर के पुजारियों ने उन्हें पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शाह ने तमिल भाषा में न बोल पाने पर खेद जताया। उन्होंने कहा, मैं तमिलनाडु के पार्टी कार्यकर्ताओं से माफी चाहता हूं क्योंकि मैं भारत की सबसे महान भाषाओं में से एक तमिल में बात नहीं कर सकता।

## सात दिन के विदेश दौरे पर रहेंगे एस जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर सात दिन के विदेश दौरे पर रहेंगे। वे आठ से 14 जून तक बेल्जियम, फ्रांस और यूरोपीय संघ की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यात्रा के दौरान विदेश मंत्री फ्रांस में द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। साथ ही बेल्जियम में विदेश मंत्री एस जयशंकर अपने समकक्ष से बात करने के साथ ही प्रवासी भारतीयों से भी मुलाकात करेंगे।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत और फ्रांस ने रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे कर लिए हैं। फ्रांस के साथ हमारे संबंध गहरे विश्वास और प्रतिबद्धता पर आधारित हैं। दोनों देश कई क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर समान दृष्टिकोण साझा करने के अलावा निकटता से सहयोग करते हैं। विदेश मंत्री फ्रांस के पेरिस और मार्सिले की यात्रा करेंगे।

## मुख्यमंत्री भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर होंगे शामिल

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शहडोल जिले के ब्यौहारी में भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कोल जनजातीय सम्मेलन में शामिल होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव 80 करोड़ रुपये से अधिक लागत के 55 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 250 करोड़ रुपये से अधिक लागत के 52 विकास कार्यों का भूमि-पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित करेंगे। यह सम्मेलन राज्य सरकार की जनजातीय समुदायों के समावेशी विकास और उत्थान के लिये प्रतिबद्धता का प्रतीक होगा।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव लोक निर्माण विभाग के 6 कार्य (रू. 31.45 करोड़), लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 33 कार्य (रू. 22.64 करोड़), मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन का 1 कार्य (रू. 10 करोड़), मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के 10 कार्य (रू. 6 करोड़), लोक निर्माण विभाग (सेतु) का 1 कार्य (रू. 4.75 करोड़), जनजातीय कार्य विभाग का 1 कार्य (रू. 2.75 करोड़), लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग के 3 (रू. 1.47 करोड़) कार्यों का लोकार्पण करेंगे।

## राहुल गांधी के फिक्सिंग वाले आरोप पर भाजपा-कांग्रेस में जुबानी जंग

**मुंबई।** महाराष्ट्र में 2024 के विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तरफ से लगाए गए मैच फिक्सिंग के आरोपों ने बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। राहुल गांधी ने एक अखबार में लेख लिखकर चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए, जिसे लेकर बीजेपी और कांग्रेस के नेताओं के बीच जुबानी जंग छिड़ गई है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राहुल गांधी के आरोपों को खारिज करते हुए कहा, मैं राहुल गांधी से बस एक बात कहना चाहता हूं कि वो पूरी जिंदगी एक ही गलती करते रहे, गंदगी उनके चेहरे पर थी, लेकिन वो आईना साफ करते रहे।

## देश में कोरोना संक्रमण की बढ़ती रफ्तार ने डराया

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण की बढ़ती रफ्तार डराने लगी है। कोरोना संक्रमण के सक्रिय केसों का आंकड़ा 6000 के पार पहुंच गया है। बीते 24 घंटे में छह कोरोना संक्रमितों की मौत भी हुई है। केरल अब भी देश का सबसे प्रभावित राज्य बना हुआ है। यहां कोरोना के कुल 1950 केस हैं।

## अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता में किसानों के हितों की रक्षा करेगा भारत : शिवराज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अमेरिका के साथ चल रही व्यापार वार्ता में भारत अपने किसानों के हितों की रक्षा को प्राथमिकता देगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका को कृषि क्षेत्र में बाजार की अधिक पहुंच देने के मुद्दे पर भारत अपने लाभ और नुकसान का पूरा आकलन करेगा और तभी कोई समझौता किया जाएगा। शिवराज सिंह चौहान ने पीटीआई के साथ एक इंटरव्यू में कहा, हमारी प्राथमिकता किसानों के हितों की रक्षा करना है। भारत आंख बंद करके कोई कदम नहीं उठाएगा। हम लाभ और हानि का विश्लेषण करेंगे और उसके बाद ही कोई समझौता किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब अमेरिका भारत से अपने कृषि और बागवानी के उत्पादों के लिए अधिक बाजार तक पहुंच की मांग कर रहा है। दोनों देशों के बीच चल रही वार्ता में सितंबर से अक्तूबर 2025 तक पहले चरण में व्यापार समझौता तय होने की संभावना है।




# लाखो रुपए हेरफेर करने वाले प्रभारी प्राचार्य पर नही हुई कार्यवाही

### पांच सदस्यीय जांच टीम ने जांच पाई थी सत्यता

### जिम्मेदारों पर खड़े हो रहे सवाल, कलेक्टर से कार्यवाही की मांग



सिंगरौली

विकासखण्ड चितरंगी के शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय खटाई में पदस्थ प्रभारी प्राचार्य का जयकांत कुमार के मामले में अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई। जबकि शिकायत के बाद जांच के लिए पांच सदस्यीय टीम गठित की गई थी। गठित टीम ने जांच कर जांच प्रतिवेदन भी सौंप दिया था। जिसमें सरकारी पैसे का आहरण समेत भ्रष्टाचार का मामला सामने आया था। लेकिन सब कुछ सामने आने के बाद भी आज दिवस तक प्रभारी प्राचार्य खटाई जयंकात कुमार पर कोई कार्यवाही नही है। जो जिम्मेदारों पर तरह-तरह के सवाल खड़ा कर रहा है।

मिली जानकारी के मुताबिक विगत सत्र 2024-25 के माह अक्टूबर में प्रभारी प्राचार्य जयकान्त कुमार के कारनामों की शिकायत विकासखंड शिक्षा अधिकारी चितरंगी द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी सिंगरौली की ओर प्रेषित की गई थी। जिसको संज्ञान में लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पाँच सदस्यीय टीम गठित कर माह अक्टूबर 2024 में जाच कराई जा चुकी है। सूत्र यह भी बताते हैं कि जाँच के दौरान शिकायत बिंदु वार सही एवं सत्य भी पाई गई थी। इसके वावजूद भी आज दिनांक तक जांच के दौरान शिकायत सत्य या असत्य पाए जाने का भी कोई खुलासा नहीं हो पाया है जो जन चर्चा का विषय बना हुआ है।

### स्वयं व चहेतों के नाम चेक जारी कर लाखो रुपए आहरित करने का आरोप

यह भी आरोप लगाया गया कि प्रभारी प्राचार्य श्री कुमार द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खटाई के विद्यालयीन खाते से कई लाख रूपये स्वयं के नाम एवं अपने चहेतों के नाम चेक जारी कर नियम विरुद्ध राशि का आहरण किया गया है। जबकि उक्त खाता विद्यालय के पूर्व प्राचार्य द्वारा छात्रवृत्ति मद के लिए संचालित कराया गया था। पूर्व की शेष छात्रवृति राशि को वापस करने के निर्देश थे। लेकिन राशि वापस न करते हुए मनमानी तरीके से राशि का दुरुपयोग किया जाना माना जा रहा है।

### मिलीभगत का लग रहा आरोप

बताया जा रहा है कि बीईओ चितरंगी द्वारा की गई शिकायत के अतिरिक्त भी सत्र 2022 में जयकान्त कुमार ने उक्त खाते से नब्बे हजार रुपये स्वयं के नाम चेक जारी कर राशि का आहरण किया है। जिसका व्यय अज्ञात है। वहीं अक्टूबर 2024 में जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा गठित जांच टीम के प्रतिवेदन में नब्बे हजार रूपये के अनाधिकृत आहरण को जोड़ा जाना अनिवार्य है। जन चर्चा की माने तो जयकांत कुमार द्वारा यह भी कहा जाता है कि अक्टूबर में गठित की गई जाँच टीम का जिला शिक्षा अधिकारी से मिलकर संशोधन करवा दिया हूं,जिसका परिणाम सकारात्मक होगा। ऐसे मे ग्रामीणों का आरोप है कि जयकान्त कुमार एवं जिला शिक्षा अधिकारी की लुटिया डोरी का संबंध भी प्रतीत होता है। फिलहाल सच्चाई क्या है यह तो जांच का विषय है।

# एनटीपीसी सिंगरौली में निदेशक वित्त ने किया एक दिवसीय दौरा

### निर्माण कार्य व वर्तमान उत्पादन इकाइयों के कामकाज की किए समीक्षा



**सिंगरौली।** एनटीपीसी महारत्न कंपनी के निदेशक वित्त जयकुमार श्रीनिवासन ने सिंगरौली परियोजना के सभी उच्चाधिकारियों के साथ प्लांट परिसर का एक दिवसीय दौरा किया। जिसमें उन्होंने मुख्यत: स्टेज-3 एरिया, यूनिट-1 कंट्रोल रूम आदि जैसे मुख्य प्लांट लोकेशन के काम काज का गहन जायजा लिया। जिसके बाद एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गयी। जिसमें परियोजना के सभी विभाग के प्रमुखों के साथ एनटीपीसी सिंगरौली के 800 मेगावाट की दो इकाइयों तृतीय चरण के निर्माण कार्य एवं वर्तमान उत्पादन इकाइयों के कामकाज की समीक्षा की गई। निदेशक वित्त ने अपने संबोधन में बालिका सशक्तीकरण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसके दूरगामी सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला एवं बालिकाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में एनटीपीसी सिंगरौली के राजीव अकोटकर कार्यकारी निदेशक,पीयूषा अकोटकर अध्यक्षा वनिता समाज, जोसफ बास्टियन महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण सहित सभी विभाग के विभागाध्यक्ष, उप महाप्रबंधक गण, यूनियन एवं एसोशिएशन के मानद प्रतिनिधि मंडल आदि भी उपस्थित रहे।

# सासन पावर में समर कैंप का हुआ समापन




**सिंगरौली।** सासन पावर टाउनशिप में 27 मई से 3 जून तक आयोजित समर कैंप का भव्य समापन समारोह 4 जून को एन ईवनिंग विद समर कैंप टैलेंट्स के रूप में आयोजित किया गया। इस आयोजन ने नन्हें प्रतिभागियों की कला, प्रतिभा और आत्मविश्वास को मंच प्रदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहीं श्रीमती महापात्रा अध्यक्ष ् सतरंगी लेडीज क्लब एवं सुब्रत घोष, स्टेशन डायरेक्टर जिन्होंने बच्चों के उत्साह, रचनात्मकता और प्रतिभा की सराहना की। समर कैंप के दौरान बच्चों को योग, नैतिक शिक्षा,कला, संगीत, नृत्य, तैराकी, व्यक्तित्व विकास, प्राथमिक उपचार आदि विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिला। जिससे उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सका। इस आयोजन ने बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों और आयोजकों को भी एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान किया। सासन पावर टाउनशिप का यह प्रयास निश्चित ही बच्चों के जीवन में सकारात्मक प्रभाव छोड़ने वाला रहा।

# जियावन क्षेत्र में रेत माफियाओं का आतंक

### रेत कारोबारियों ने हरिजन समाज के महिला सहित दो युवकों की मारपीट

### मजौना गांव की घटना, एसपी से हुई शिकायत

**सिंगरौली।** जियावन क्षेत्र में रेत माफियाओं का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि आए दिन किसी न किसी से विवाद की घटनाएं सामने आती रहती हैं। इसी क्रम में 5 जून की दोपहर रेत माफियाओं के द्वारा एक हरिजन समाज की महिला व दो युवकों के साथ जमकर मारपीट कर दी। मारपीट की वजह से बताया जा रहा है कि रेत का अवैध परिवहन कर रहे हाइवा वाहन से बाइक सवार युवक को टक्कर लग गई। जिससे गुस्साए रेत माफियाओं ने महिला समेत दो युवको से जमकर मारपीट कर दी। जिसकी शिकायत युवक ने पुलिस अधीक्षक से की है।



गौरतलब हो कि पीड़ित युवक राम चरित्र पिता नाथू साकेत ने इस मामले की शिकायत एसपी कार्यालय करते हुए बताया है कि 5 जून को 11.30 बजे दोपहर देवसर बाजार से अपने घर जा रहा था,तभी सामने से आ रहे रेत लोड हाईवा ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया। घटना के बाद पीड़ित ने बोला कि दिखाई नहीं दे रहा है क्या। इसके बाद चालक ने हाइवा लेकर भाग गया। कुछ देर बाद सुमीत उर्फ शनी पाठक पिता गोमती पाठक, अमित पाठक उर्फ सोनू पाठक पिता गोमती पाठक दोनो निवासी ग्राम चन्दुआर आए और सरहंगता पूर्वक गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। पीड़ित ने यह भी बताया कि उसकी पत्नी संगीता साकेत मजौना मंदिर में पूजा करने जा रही थी। तभी मेरे साथ हो रहे मारपीट को देखते हुए दौड़कर स्थल पर पहुंची और दबंगों ने उसके साथ भी मारपीट करने लगे। हल्ला गुहार करने पर युवक का भाई रामस्वरुप साकेत पहुंचा। उसके साथ भी दबंगों ने मारपीट किया। पीड़ित ने दबंगों के खिलाफ एसपी कार्यालय पहुंचकर लिखित आवेदन देकर उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

# पीसीसी सड़क निर्माण में संविदाकार ने जमकर किया भ्रष्ट्रचार

### सड़क में जगह-जगह पड़ने लगी दरारें, जांच की उठी मांग

**सिंगरौली।** नगर परिषद सरई के वार्ड क्रमांक 11 श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में विकास के नाम पर खुला भ्रष्टाचार चल रहा है। नगर परिषद के वार्ड 11 शिवगढ़ में पीसीसी सड़क अभी हाल ही में कुछ महीने पहले बनकर तैयार हुई है। जिसमें संविदाकार द्वारा जमकर अनियमितता की गई है। रोड निर्माण के समय मानक को दरकिनार कर कार्य कराया गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पीसीसी रोड निर्माण में निर्धारित मात्रा से कम सीमेंट का प्रयोग किया गया है। इसके साथ ही रोड की तराई भी ठीक ढंग से नहीं कराई गई है। जबकि वार्ड वासियों के सुविधाओं में लगातार वृद्धि करने हेतु शासन स्तर से विभिन्न योजनाओं के तहत पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है। परंतु संविदाकार व पार्षद प्रतिनिधि आपस में मिलकर शासन की मंशा पर पानी फेर रहे हैं । उक्त रोड की मौजूदा स्थिति यह है कि पीसीसी रोड पर जगह-जगह दरारें देखने को मिल रही हैं। वहीं रोड निर्माण में लीपापोती का भी निशान देखने को मिल रहे हैं। पीसीसी रोड के गुणवत्ताहीन निर्माण होने से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। वार्ड वासियों ने इस पीसीसी रोड की जांच कराए जाने की मांग जिला कलेक्टर सिंगरौली से की है।



# सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी 10 दिन के अंदर करें आवास खाली,नोटिस जारी

**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के सेवा निवृत 10 अधिकारी कर्मचारियों को एक सप्ताह के अंदर आवास खाली करने का नोटिस नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर आर.पी वैश्य द्वारा जारी किया गया है। डिप्टी कमिश्नर द्वारा जारी नोटिस में उल्लेख किया गया है कि शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार सेवा निवृत अधिकारी कर्मचारियों को 2 माह के अंदर अपने शासकीय आवासों को खाली कर संबंधित संस्थान को हैंड ओवर करना होता हैं।

# जिला में रेत ठेकेदार बनाम रेत माफिया का कब्जा, दबाव में प्रशासन : ज्ञानेंद्र

सिंगरौली

जिले भर में बीते 6 माह से भी अधिक समय से रेत खदानों में वैध नहीं अवैध उत्खनन बेधड़क संचालित है। यह खनिज विभाग का निकम्मापन और जिला प्रशासन की सहमति के बिना संभव नहीं है। इस अवैध उत्खनन की यदि निष्पक्ष जांच हो तो सिंगरौली जिला में कई करोड़ रुपए की सरकार की टैक्स चोरी पकड़ी जा सकती है। सीधी जिला प्रशासन द्वारा अभी हाल में की गई कार्यवाही ताजा उदाहरण है। सिंगरौली जिला में रेत ठेकेदार का रौब इतना है की उसके लिए वैध में अवैध का रास्ता भी सुनिश्चित है। जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली ग्रामीण अध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने अपने एक प्रेस वक्तव्य में कहा है की सिंगरौली जिले में चौतरफा रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन ठेकेदार द्वारा प्रशासनिक मिली भगत से किया जा रहा है। उन्होंने कहा की सिंगरौली जिला में किसी भी नीति का पालन नहीं हो रहा है।



# वूमन फॉर ट्री अभियान अंतर्गत निगम की अमृत मित्र के द्वारा किया गया औषधीय पौधो का रोपण

**सिंगरौली।** नगरीय क्षेत्रों में हरित क्षेत्र का विस्तार, पारिस्थितिकी संतुलन बनाये रखने, पर्यावरण एवं नागरिकों को स्वस्थ जीवन शैली प्रदान करने के साथ ही महिला स्व.सहायता समूहों को आर्थिक आत्मनिर्भरता प्रदान करने के उद्देश्य से अमृत 2.0 एवं डे-एनयूएलएम के कन्वर्जेंस से 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, महापौर रानी अग्रवाल, कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह, भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल शाह, ननि आयुक्त डीके शर्मा की उपस्थिति में वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में स्व सहायता समूह की महिलाओं और नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में नगर के जुड़वा तालाब में नीम, अशोक, अमरूद, आमला सहित विभिन्न किस्मों के औषधीय, फलदार, फूलदार व छायादार लगभग एक सैकड़ा पौधों का रोपण किया गया। उक्त अभियान आज दिन गुरूवार 5 जून से प्रारंभ होकर 30 अगस्त तक निकाय द्वारा विभिन्न स्थानों पर चलाया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक ने नागरिकों से पर्यावरण को संरक्षित करने व नगर को स्वच्छ तथा हरा-भरा बनाए रखने की अपील की एवं शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर पार्षद सीमा जायसवाल, बंतो कौर, संतोष शाह, उपायुक्त आरपी बैस, सहायक यंत्री संतोष पाण्डेय, नोडल अधिकारी अमृत 2.0 एवं एनयूएलएम के सिटी मिशन मैनेजर कृष्ण पटेल एवं पवन मिश्रा, सहायक सामुदायिक विकास अधिकारी प्रवीण पटेल, अंबिकेश पाण्डेय छोटेलाल कुशवाह के अलावा निकाय के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों सहित दर्जनों की संख्या में स्व सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रहे।

# सरई पुलिस ने रेत की चोरी कर रहे दो ट्रैक्टरों को दबोचा

**सिंगरौली।** सरई पुलिस की टीम ने आधी रात को गुरमटिया महान नदी में दबिश देते हुये अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के कार्य में लगे दो ट्रैक्टरो को दबोचने में सफल रही है। यह कार्रवाई सरई थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह भदौरिया ने एसपी मनीष खत्री के निर्देश पर किया है। सरई पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अवैध रेत माफियाओ के विरुद्ध शिकंजा कसते हुए थाना सरई पुलिस द्वारा 3 व 4 जून की दरम्यानी रात थाना क्षेत्र में अवैध रेत खनन एवं परिवहन की सूचना प्राप्त होने पर शासकीय खनिज संपदा रेत का अवैध ग्रुप से उत्खनन कर आर्थिक निजी लाभ के लिए बिक्री के उद्देश्य से परिवहन करने वाले रेत माफियाओ के विरुद्ध धारा 303(2), 317(5) बीएनएस के तहत कार्यवही करते हुये ग्राम गुरमटिया महान नदी से 2 ट्रैक्टर मय अवैध रेत लोड, ट्रैक्टर मय ट्रॉली कीमती 12 लाख रूपये एवं रेता कीमती 7 हजार रूपये कुल कीमती करीबन 12 लाख 7 हजार रूपये को जप्त कर अपराध कायम कर थाना परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया जाकर दोनो ट्रैक्टर के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। टीआई ने इस संबंध में बताया कि दोनों ट्रैक्टरों को जप्त करने के बाद उक्त वाहन स्वामियों के विरूद्ध भी कार्यवाही साक्ष्य के आधार पर की जायेगी तथा ट्रैक्टर के विरुद्ध राजसात की कार्यवाही के लिए पृथक से प्रतिवेदन कलेक्टर की ओर भी भेजा जा रहा है । उक्त कार्रवाई में निरीक्षक जितेन्द्र सिंह भदौरिया, सउनि कमलेश प्रजापति, नीलेश मिश्रा, पुष्पा गिरी, प्रआर दिलेन्द्र यादव, आशीष त्रिपाठी, कैलाश सिंह, हरि भजन सिंह, आर रिंकू धाकड़, सदन यादव, तेजप्रताप, बबलू यादव ,धन सिंह, शिवम पाटकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

कार्यालय कलेक्टर एवं भू-अर्जन अधिकारी जिला-सीधी (म.प्र.)

प0क्र0/ 972 /प्रवा0/भू-अर्जन/2025

सीधी, दिनांक : 05/06/2025

-: सार्वजनिक सूचना :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रयनीति आदेश एफ 12-2/2014/सात/2ए/भोपाल दिनांक 12.11.2014 के अन्तर्गत निजी भूमि का शासकीय प्रयोजन हेतु क्रय किए जाने हेतु विचार किया जा रहा है जिनका विवरण नीचे दर्शाया गया है। भूमि स्वत्व के विषय में कोई आपत्ति हो तो दिनांक 20/06/2025 तक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं भू-अर्जन अधिकारी कार्यालय कलेक्टर (भू-अर्जन शाखा) सीधी में आधार सहित प्रस्तुत करें। नियत दिनांक 20/06/2025 तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर भूमि क्रय करने की कार्यवाही की जावेगी।

भूमि का विवरण :-

| जिला | तहसील | नगर/ग्राम | आराजी नम्बर | कुल रकवा हे0 में | अर्जित रकवा हे0 में. | भू-धारक का नाम व पता | राज्य शासन के विभाग उपक्रम का नाम | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| सीधी | रामपुर नैकिन | डिठैरा | 1306 | 0.340 | 0.030 | अखिलेन्द्र कुमार पिता अधीश प्रसाद | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सेतु, उपसंभाग सीधी (म.प्र.) | घुंघुटा खैरा मार्ग में सोन नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुँचमार्ग निर्माण कार्य |
| | | | 1305/1 | 0.060 | 0.008 | अनन्त कुमार पिता अखिलेन्द्र कुमार | | |
| | | | 1302/1/2 | 0.600 | 0.048 | | | |
| | | | 1303/1 | 0.160 | 0.018 | | | |
| | | | 1302/1/1 | 1.120 | 0.030 | अखण्डदेव पिता अखिलेन्द्र कुमार | | |
| | | | 1302/2 | 1.550 | 0.078 | अवधेन्द्र कुमार पिता अधीश प्रसाद | | |
| | | | 1303/2 | 0.340 | 0.018 | | | |
| कुल योग | | | 06 किता | 4.170 | 0.230 | | | |

जी-14072/25

कलेक्टर एवं भू-अर्जन अधिकारी
जिला-सीधी ( म.प्र. )

# फसल विविधीकरण कृषि की स्थिरता और पर्यावरण संरक्षण के लिए लाभकारी है : कृषि वैज्ञानिक

## विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों को फसल विविधिकरण की सलाह दी गई

**सीधी।** सीधी जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान (29 मई से 12 जून 2025) के अंतर्गत लगातार कृषक संगोष्ठी का आयोजन कर कृषकों को उन्नत कृषि तकनीकी के विषय में जागरूक किया जा रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र सीधी एवं कृषि अधिकारियों के पहले दल द्वारा रविवार को रामपुर नैकिन विकासखंड में कपुरी वेदोंलिहान, पचोखर, दुअरा, दूसरे दल द्वारा सिहावल विकासखंड में कुचवाही, जनकपुर, मुझरेठीखुर्द एवं तीसरे दल द्वारा मझौली विकासखंड में महखोर, खजुरिहा, मझिगवा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में वैज्ञानिकों द्वारा धान-गेहूं की एकरूपता के बजाय फसल विविधिकरण की सलाह दी जा रही है, क्योंकि यह कृषि की स्थिरता और पर्यावरण संरक्षण के लिए लाभकारी है। धान और गेहूं की लगातार खेती से मिट्टी की उर्वरता कम होती है, जल संसाधनों पर दबाव बढ़ता है और कीट-पतंगों व रोगों का खतरा बढ़ जाता है। फसल विविधिकरण से मिट्टी का स्वास्थ्य सुधरता है, क्योंकि विभिन्न फसलें मिट्टी में अलग-अलग पोषक तत्वों का संतुलन बनाए रखती हैं। उदाहरण के लिए, दलहन और तिलहन फसलें नाइट्रोजन स्थिरीकरण में मदद करती हैं, जिससे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होती है। इसके अलावा, फसल विविधिकरण से किसानों की आय में स्थिरता आती है, क्योंकि वे बाजार की अनिश्चितताओं और एक फसल की विफलता के जोखिम से बच सकते हैं। वैज्ञानिक मोटे अनाज (जैसे ज्वार, बाजरा), दलहन (चना, मसूर), और तिलहन (सरसों, मूंगफली) जैसी फसलों को अपनाने की सलाह देते हैं, जो कम पानी और संसाधनों में उगाई जा सकती हैं। यह जलवायु परिवर्तन के अनुकूल भी है, क्योंकि ये फसलें सूखा और प्रतिकूल मौसम में बेहतर प्रदर्शन करती हैं। साथ ही, यह खाद्य सुरक्षा और पोषण की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है क्योंकि विविध फसलें विभिन्न पोषक तत्व प्रदान करती हैं। फसल विविधिकरण को बढ़ावा देने के लिए सरकार और कृषि संस्थान प्रशिक्षण, बीज सब्सिडी और बाजार सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि दीर्घकालिक लाभ के लिए किसानों को परंपरागत खेती से हटकर विविध फसलों को अपनाना चाहिए, ताकि पर्यावरण, अर्थव्यवस्था, और समाज का समग्र विकास हो सके।

विकसित कृषि संकल्प अभियान में सोमवार दिनांक 09.06.2025 को सीधी विकासखंड मे पहले दल द्वारा पनवार चौहानन टोला, बघवारी,बंजारी में, दूसरे दल द्वारा कमर्जी, पटपरा, पतेहरकला एवं तीसरे दल द्वारा मड़वास, अमहिया एवं चंदोहीडोल में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

# स्कूल शिक्षा विभाग में अधिकारियों-कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति में संशोधन

**सीधी**

स्कूल शिक्षा विभाग की राज्य एवं जिला स्तर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति-2022 की कण्डिकाओं में शिथिलता प्रदान करते हुए संशोधित आदेश जारी किये गये हैं। यह प्रशासकीय स्थानांतरण संबंधी अधिकार 7 से 16 जून की अवधि में जिला स्तर पर प्रभारी मंत्री को प्रत्यायोजित किये गये हैं।

जिला स्तर पर स्थानांतरण की अवधि में जिला संवर्ग में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के शासकीय सेवकों, जिनमें प्राथमिक शिक्षक, सहायक शिक्षक, प्राथमिक शिक्षक (विज्ञान), सहायक शिक्षक (विज्ञान), प्रधानाध्यापक प्राथमिक शाला, लिपिकीय वर्ग संवर्ग तथा भृत्य संवर्ग के लोक-सेवकों का जिले के भीतर स्थानांतरण जिला कलेक्टर के

### विभाग ने जारी किये दिशा-निर्देश

माध्यम से प्रभारी मंत्री के अनुमोदन के बाद किया जायेगा। विभागीय स्थानांतरण नीति-2022 के प्रावधानों का पालन करते हुए ऑनलाइन स्थानांतरण आदेश एजुकेशन पोर्टल 3.0 के माध्यम से जारी किये जायेंगे। स्थानांतरण आदेश पोर्टल पर जिला कलेक्टर की लॉगिन से अनुमोदन उपरांत जिला शिक्षाधिकारी के डिजिटल हस्ताक्षर से जारी होंगे। कोई भी आदेश ऑफलाइन जारी नहीं किया जायेगा।

जिले में 10 से कम नामांकन वाली किसी भी शाला में किसी भी शिक्षक का स्थानांतरण नहीं किया जायेगा। पारस्परिक स्थानांतरण समान पद एवं विषय होने पर ही किये जा सकेंगे, किन्तु 31 मई, 2025 से एक वर्ष की समयावधि में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों का पारस्परिक स्थानांतरण नहीं किया जा सकेगा। आदेश में प्रदर्शित किये गये संवर्ग को छोड़कर शेष संवर्गों में प्रशासकीय स्थानांतरण राज्य स्तर से ही किये जा सकेंगे।

### समय-सारणी जारी

एजुकेशन पोर्टल 3.0 के माध्यम से ऑनलाइन स्थानांतरण आदेश जारी किये जाने के लिये विभाग ने समय-सारणी नियत की है। स्थानांतरण किये जाने की अवधि 16 जून नियत की गयी है। स्थानांतरण के लिये प्रशासकीय प्रस्ताव 14 जून तक दर्ज किये जा सकेंगे। ऑनलाइन स्थानांतरण आदेश जारी करने का कार्य 16 जून तक ही किया जा सकेगा। विभाग द्वारा उक्त आदेश समस्त जिला कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण और जिला शिक्षाधिकारी को जारी किये गये हैं।

# ग्राम डैनिहा के बेदखल परिवारों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए

**सीधी।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीधी श्रीमती मिनी अग्रवाल ने बताया कि ग्राम डैनिहा के बेदखल सभी कोल परिवारों को पट्टा वितरण के उपरांत कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं। साथ ही सीधी खुर्द में प्रधानमंत्री आवास योजना 2 के तहत आवंटित जमीन पर आवश्यक साफ सफाई, समतलीकरण की कार्यवाही प्रचलन में है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री सोमवंशी के निर्देशन में जिले के ग्राम डैनिहा के बेदखल हुए लोगों को राहत एवं समुचित पुनर्वास हेतु जिला प्रशासन द्वारा पूर्ण संवेदनशीलता पूर्वक कार्यवाही तत्परता से की गई। बेघर लोगों को तत्काल दिनांक 28.05.2025 को ही नगरपालिका सीधी के आश्रय स्थल में नि:शुल्क रहने एवं खाने की समुचित व्यवस्था की गई है। बेघर लोग आश्रय स्थल में ही निवासरत हैं। सिविल न्यायालय के बेदखली आदेश दिनांक 26.04.2025 एवं दिनांक 15.05.2025 के परिपालन में बेघर हुए मूलत: 6 परिवारों, जो कि वर्तमान में व्यस्क विवाहित पुत्रों को अलग परिवार मानते हुए कुल 13 परिवारों हेतु ''म.प्र. नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधृति अधिकारों का प्रदाय किया जाना ) अधिनियम 1984'' के अंतर्गत पट्टे सीधी खुर्द वार्ड नं. 24 नगरपालिका क्षेत्र सीधी के शासकीय भूमि खसरा नं. 148, 149, 150 जारी किए गए हैं। इसके अतिरिक्त बेघर हुए आदिवासी परिवारों के अतिरिक्त अन्य पात्र 5 परिवार जो कि ग्राम डैनिहा में ही अन्य भूमिस्वामी के निजी भूमि में कच्चे मकान में निवासरत हैं, को भी पात्रतानुसार पट्टे जारी किए गए हैं। इसके साथ ही बेघर हुए 13 परिवारों की आर्थिक सहायता हेतु जिला प्रशासन द्वारा 10 हजार रूपये प्रति परिवार कुल एक लाख तीस हजार रूपये तथा अन्य पॉच परिवार को भी 50 हजार, इस प्रकार कुल 1,80,000 रुपये जनभागीदारी जिला प्रशासन के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदाय की गई। प्रत्येक परिवार की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जनभागीदारी से गेहूं एवं चावल भी प्रदाय किया गया है।

# संयुक्त सचिव ने की समूह जल प्रदाय योजनाओं की समीक्षा

**सीधी।** श्रीमती सुजाता शर्मा संयुक्त सचिव दिल्ली की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन अंतर्गत समूह जल प्रदाय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी अंशुमन राज, तकनीकी अधिकारी गोकुल सेतुराज, मुख्य महाप्रबंधक जल निगम भोपाल पी. के. गुरु, महाप्रबंधक म.प्र. जल निगम नीरव अग्रवाल एवं जल निगम की समस्त टीम उपस्थिति रही। बैठक में जल जीवन मिशन सीधी अंतर्गत सीधी बाणसागर एवं गुलाबसागर की समीक्षा बैठक में महाप्रबंधक जल निगम सीधी द्वारा योजनाओं की प्रगति के विषय में अवगत कराया गया।

# प्रेस-काउंसिल अथवा भारतीय प्रेस-परिषद के नाम का उपयोग करना अवैधानिक

## प्रेस-काउंसिल ने जारी की एडवाइजरी

**सीधी।** केन्द्र सरकार ने प्रेस-काउंसिल ऑफ इंडिया (भारतीय प्रेस परिषद) के नाम के अनाधिकृत उपयोग पर रोक लगाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा एडवाइजरी में कहा गया है कि उन्हें सूचना मिली है,कुछ प्रेस संगठनों द्वारा ''प्रेस-परिषद'' शब्द का अनुचित उपयोग किया जा रहा है, जिससे प्रेस-काउंसिल ऑफ इंडिया की संस्थागत महत्ता प्रभावित हो रही है और उसके विशिष्ट अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह एडवाइजरी जारी की गई है।

सचिव सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि प्रेस-काउंसिल ऑफ इंडिया एक सांविधिक निकाय है। इसकी स्थापना प्रेस-परिषद अधिनियम-1978 के तहत प्रेस की स्वतंत्रता को सुरक्षित रखने और समाचार-पत्रों एवं समाचार एजेंसियों के मानकों को बनाए रखने एवं सुधारने के उद्देश्य से की गई थी। इसका सचिवालय नई दिल्ली के लोधी रोड स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स के सूचना भवन में है। सचिवालय द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि भारतीय प्रेस-परिषद की किसी भी राज्य में कोई शाखा नहीं है, न ही उसने किसी अन्य निकाय को अपने समान या मिलते-जुलते नाम का उपयोग करने के लिए अधिकृत किया है।

सचिवालय से जारी निर्देश के अनुसार किसी संगठन द्वारा प्रेस काउंसिल अथवा भारतीय प्रेस-परिषदशब्द का उपयोग करना, प्रतीक और नाम के अनुचित उपयोग निवारण अधिनियम, 1950 की धारा 3 और प्रविष्टि 7(पप) का उल्लंघन है। इस संदर्भ में केन्द्रीय विधि विभाग ने भी स्पष्ट किया है कि किसी अन्य संगठन द्वारा इस नाम का उपयोग करना अवैध है और इसके लिए कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

सचिवालय ने ''प्रेस-काउंसिल'' अथवा भारतीय प्रेस परिषदशब्द का उपयोग न करने के संबंध में सभी जिला कलेक्टर्स को भी निर्देशित किया गया है। सचिवालय का निर्देश है कि यदि कोई स्थानीय, निजी अथवा सरकारी संगठन इस नाम का दुरुपयोग करता है, तो उनके पंजीकरण को निरस्त किया जाए अथवा उसमें आवश्यक सुधार किया जाए।

सरकार की इस पहल का उद्देश्य प्रेस परिषद ऑफ इंडिया की प्रतिष्ठा को बनाए रखना और प्रेस की स्वतंत्रता व मानकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

## नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम

# 10 जून तक लिया जा सकेगा अशासकीय स्कूल में प्रवेश

**सीधी।** प्रदेश में नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों के निरूशुल्क प्रवेश के संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र ने निर्देश जारी किये हैं। इस संबंध में 29 मई को केन्द्रीयकृत ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से छात्रों को अशासकीय विद्यालय आवंटित किये गये हैं। आवेदकों को आवंटन संबंधी सूचना केन्द्र ने एसएमएस के माध्यम से प्रेषित की है।

आवेदक अशासकीय विद्यालयों के आवंटन की स्थिति, आरटीई पोर्टल पर उपलब्ध ऑप्शन से देख सकते हैं। पालकों से कहा गया है कि अशासकीय स्कूल का आवंटन होने की स्थिति में आवेदक आवेदन में दर्ज रजिस्टर्ड मोबाइल तथा बच्चे का फोटो आवश्यक दस्तावेज की एक प्रति छात्र को साथ लेकर अशासकीय स्कूल में जाये। निर्देश में कहा गया है कि पालक एडमिशन के पूर्व यह सुनिश्चित कर ले कि वह अपने बच्चे को आवंटित स्कूल में ही प्रवेश कराना चाहते हैं, तभी प्रवेश की प्रक्रिया के लिये संबंधित स्कूल को ओटीपी प्रदान करें। संबंधित स्कूल द्वारा ओटीपी दर्ज करने के बाद ही स्कूल में निरूशुल्क प्रवेश सुनिश्चित होगा। पालकों को सचेत किया गया है कि एक बार प्रवेश के बाद पालक को किसी अन्य अशासकीय शाला में शिक्षा का अधिनियम के तहत निरूशुल्क प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।

**10 जून तक होगा प्रवेश**

अशासकीय स्कूल में प्रवेश 10 जून, 2025 तक ही हो सकेगा। नियत तिथि के बाद आवंटन-पत्र स्वतरू निरस्त हो जायेगा। पालकों को यह जानकारी भी दी गयी है कि एक बार प्रवेश लेने के बाद भविष्य में स्कूल परिवर्तन नहीं हो सकेगा। इस संबंध में अशासकीय स्कूलों को भी निर्देश जारी किये गये हैं। विकासखण्ड स्रोत समन्वयक को आवंटन एवं प्रवेश की रिपोर्ट की समीक्षा प्रतिदिन करने के लिये कहा गया है। यदि किसी पालक द्वारा उनके बच्चे का स्कूल में सीट आवंटन के बाद संबंधित स्कूल द्वारा आवंटित विद्यार्थी को प्रवेश देने से मना करने की शिकायत मिलती है तो डीपीसी द्वारा तत्काल कलेक्टर के माध्यम से संबंधित स्कूल के विरुद्ध वैधानिक करवाई जायेगी।

# अंशिका ने अनुशासन और समर्पण से जिले को किया गौरवान्वित

**सीधी।** मध्यप्रदेश के दूरस्थ जिले की सुश्री अंशिका गुप्ता ने अपने अनुशासन और समर्पण से 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग से अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होने राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर कई पदकों को जीतकर तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर जिले को गौरवान्वित किया है। सुश्री अंशिका की सफलता में उनके पिता श्री विश्वनाथ गुप्ता माता श्रीमती उर्मिला गुप्ता का विशेष योगदान रहा। उनके परिवार ने हमेशा बेटियों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा और आत्मनिर्भरता के अवसर प्रदान करने में विश्वास किया।

# प्रदेश के नगरीय निकायों में मानसून पूर्व साफ-सफाई अभियान

**सीधी।** प्रदेश में स्वच्छ भारत मिशन शहरी के अंतर्गत नगरीय निकायों ने शहरी क्षेत्र में साफ-सफाई का विशेष अभियान शुरू कर दिया है। विशेषकर बारिश के दौरान जल-भराव की स्थिति निर्मित न हो, इसके लिये नाले-नालियों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास कार्यालय ने दिशा-निर्देश जारी किये है। साफ-सफाई अभियान 413 नगरीय निकायों में एक साथ शुरू किया गया है। शहरी क्षेत्र के सभी वार्डों में आवासीय एवं सार्वजनिक क्षेत्र की नालियों से जमी हुई गाद निकालकर गहरी सफाई की जा रही है। वर्षा काल के दौरान जल का प्रवाह सतत रूप से हो सके, इसके लिये नालों के सभी छोर पर जाली लगाई जाना सुनिश्चित किया जा रहा है।

नगरीय निकायों को निर्देश दिये गये है कि नाले-नालियों के ऊपर से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही तत्काल की जाये। शहरी क्षेत्रों में बीमारियों की रोकथाम के लिये ब्लीचिंग पॉउडर का छिड़काव भी किया जा रहा है। नगरीय निकायों में कार्यरत सफाई कर्मियों के कार्यों की सतत निगरानी रखने के लिये भी कहा गया है। प्रदेश में 413 स्थानीय नगरीय निकाय है। इनमें नगरपालिक निगम 16, नगरपालिका परिषद 99 और नगर परिषद 298 है।

प्रदेश में सूखे कचरे के प्रसंस्करण के लिये 405 नगरीय निकायों में 360 मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी इकाइयों का निर्माण किया गया है, जिनके माध्यम से सूखे एवं गीले कचरे को अलग अलग घटकों में बाँटकर प्रसंस्करण के लिये भेजा जाता है। इन इकाइयों से सूखे कचरे की छटाई करके बेचे जाने की व्यवस्था की गई है। प्रदेश के 100 प्रतिशत नगरीय क्षेत्रों में आवासों और व्यावसायिक क्षेत्रों से कचरा संग्रहण व्यवस्था का संचालन किया जा रहा है। इसके लिये नगरीय निकायों को 7082 मोटराइज्ड वाहन उपलब्ध कराए गए हैं।

# पारदर्शी तरीके से अनुज्ञा जारी करने के लिये ऑटोमेटेड बिल्डिंग प्लान सिस्टम

## 413 नगरीय निकायों में यह सिस्टम कर रहा है काम

**सीधी।** प्रदेश में 413 नगरीय निकायों में यूनिफॉर्म एवं पारदर्शी तरीके भवन अनुज्ञा जारी करने के लिये ऑटोमेटेड बिल्डिंग प्लान अप्रुवल सिस्टम (एबीपीएएस) लागू किया गया है। एबीपीएएस के अंतर्गत निकाय कार्यालय में उपस्थित हुए बिना ही भवन अनुज्ञा प्राप्त किये जाने के लिये आवेदन ऑनलाइन स्वीकृत किये जाने की व्यवस्था की गई है। यह संपूर्ण प्रक्रिया बिना किसी मानव हस्तक्षेप के ऑटोमेटेड प्रोसेस से ही की जाती है। यहाँ तक की बिल्डिंग इस्पेंक्टर द्वारा स्थल निरीक्षण के समय में भी मोबाइल ऐप द्वारा ही जानकारी प्राप्त कर सिस्टम में अपलोड कर दी जाती है। अब तक करीब 3 लाख 50 हजार भवन अनुज्ञाएँ ऑनलाइन माध्यम से स्वीकृत की गई हैं। ऑटोमेटेड बिल्डिंग प्लान सिस्टम नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग द्वारा तैयार किया गया है।

प्रदेश की 413 नगरीय निकायों में भूमि विकास नियम में दिये गये प्रावधानों के अनुसार ऑनलाइन कम्पांउडिंग (प्रशमन) लागू किया गया है। ऑनलाइन कम्पांउडिंग प्राणाली में शुल्क भी सिस्टम के द्वारा ऑटोमेटिक जनरेट किया जाता है एवं शुल्क के लिये सभी ऑनलाइन भुगतान विकल्प का उपयोग किया जाता है। ऑटोमेटेड बिल्डिंग प्लान अप्रुवल सिस्टम में नागरिक स्वयं प्लिंथ प्रमाण पत्र, सेवा प्रमाण पत्र, कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र और अधिभोग प्रमाण पत्र ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा प्राप्त कर सकते है। भवन अनुज्ञा के लिये अनिवार्य दस्तावेजों की संख्या 16 से घटा कर 5 और साइट निरीक्षण चेक लिस्ट बिंदुओं को भी 43 से घटा कर 26 कर दिया गया है। फीस मेमों सिस्टम द्वारा स्वतारू ही शुल्क जनरेट किया जाता है। शुल्क भुगतान के लिये सभी प्रकार के ऑनलाइन माध्यम स्वीकार किये जाते है।

राज्य शासन द्वारा भवन अनुज्ञा प्रक्रिया के सरलीकरण के लिये अधिकारिता रखने वाले प्राधिकारी द्वारा समयक रूप से पंजीकृत वास्तुविद और संरचना इंजीनियर को 300 वर्ग मीटर तक के क्षेत्रफल के भू-खंडों पर भवन अनुज्ञा जारी किये जाने की शक्तियाँ प्रदान की गई है। नये नियमों के अनुसार 186 वर्ग मीटर तक के आवासीय भू-खंडों पर त्वरित डीम्ड स्वीकृति प्रक्रिया को भी सिस्टम अंतर्गत लागू किया गया है।

# किसानों को ई कृषि यंत्र पोर्टल से है अनुदान की सुविधा

**रीवा।** कृषि को उन्नत बनाने के लिए कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। खेती से जुड़े उपकरणों की खरीद पर किसानों को उनकी पात्रता के अनुसार ई कृषि यंत्र पोर्टल के माध्यम से अनुदान की सुविधा दी जा रही है। ई कृषि यंत्र पोर्टल पर पंजीयन कराने के बाद किसान ट्रैक्टर, पावर टिलर सहित सभी तरह के शक्ति चालित एवं स्वचलित कृषि यंत्रों पर अनुदान का लाभ ले सकते हैं। पोर्टल के माध्यम से बिजली एवं डीजल से चलने वाले सिंचाई पंप, ड्रिप सिस्टम, स्प्रिंकलर, रेनगन तथा सिंचाई पाइपलाइन के लिए भी अनुदान की भी व्यवस्था है। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि ई कृषि यंत्र पोर्टल पर पंजीयन कराने के लिए किसान के यूआईडीएआई आधार पंजीयन में अधिकृत फिंगर प्रिंट स्केनर डिवाइस के माध्यम से पंजीयन की सुविधा दी गई है।

# रेगुलर, नॉन रेगुलर कर्मचारियों के डाटा का परीक्षण सरकार की निरंतर प्रक्रिया

### राज्य स्तरीय वित्तीय इंटेलिजेंस सेल की है जिम्मेदारी

### सभी कोषालय अधिकारियों को डाटा की पुष्टि के लिए दिए निर्देश

**सीधी।** राज्य शासन द्वारा रेगुलर और नॉन रेगुलर कर्मचारियों के डाटा का परीक्षण आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से नियमित रूप से किया जा रहा है। यह एक निरंतर प्रक्रिया है। इस संबंध में कार्यालय आयुक्त एवं लेखा द्वारा सभी कोषालय, आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को समय-समय पर पत्र लिखकर डाटा की पुष्टि के लिए निर्देश दिए गये है। आयुक्त कोष एवं लेखा कार्यालय के अंतर्गत एक राज्य वित्तीय इंटेलिजेंस सेल (एस.एफ.आई.सी.) संचालित है जो नियमित अंतराल पर कोषालय के डाटा का विश्लेषण करता है। जिसमें कर्मचारियों के वेतन आहरण की मॉनिटरिंग भी की जाती है। इस सेल द्वारा ऐसे लगभग 50 हजार कर्मचारियों के कर्मचारी कोड के डेटा का विश्लेषण किया गया, जिनके पिछले चार महिनों से वेतन का आहरण कोषालय सॉफ्टवेयर से नहीं किया गया। इसलिए ऐसे कर्मचारियों के विवरण का सत्यापन कोषालय अधिकारियों के माध्यम से संबंधित डी.डी.ओ. से करवाये जाने हेतु आयुक्त कोष एवं लेखा द्वारा निर्देश जारी किये गये हैं। यह एक निरंतर प्रक्रिया है जो समय-समय पर आयुक्त कोष एवं लेखा कार्यालय द्वारा की जाती है। माह दिसंबर 2024 के डाटा का परीक्षण कर पाया गया कि ऐसे कर्मचारी हैं जिनके एम्पलाई कोड आवंटित है किंतु सेवानिवृत्ति तिथि की प्रविष्टि नहीं हुई है। आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर में एग्जिट प्रक्रिया भी पूरी नहीं हुई है, फिर भी चार माह से वेतन आहरण नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में कार्यालय आयुक्त कोष एवं लेखा द्वारा सभी कोषालय अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को संबंधित डाटा प्रदान कर 15 दिन में कारण सहित पुष्टि करायी जाए। उनके द्वारा वेतन आहरण किस कारण से नहीं किया जा रहा है।

आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से प्राप्त जानकारी को कार्यालय आयुक्त कोष-लेखा को अवगत कराया जायेगा। यदि डेटा के सत्यापन में कोई त्रुटि संज्ञान में आती है तो संभागीय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा के माध्यम से तत्काल प्रतिवेदन भेजा जाना होगा। इससे स्पष्ट है कि रेगुलर और नॉन रेगुलर एम्पलाई के डाटा संबंधी परीक्षण और निरीक्षण एक सामान्य और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।

## संपादकीय

### राष्ट्रपति ट्रंप और एलन मस्क की दोस्ती में दरार

अमेरिकी अरबपति एलन मस्क और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की राहें अब अलग हो गई हैं। इस बार मुद्दा भारी-भरकम खर्च को लेकर है। मस्क लागत में कटौती और दक्षता में सुधार के लिए सरकारी प्रयासों की अगुआई कर रहे थे। उन्होंने सरकारी विभागों में कर्मचारियों की संख्या और खर्च में कटौती की वकालत की। दरअसल, ट्रंप ने राष्ट्रपति पद संभालने से पहले ही मस्क को यह अहम जिम्मेदारी सौंप दी थी। तब ट्रंप और मस्क की गहरी मित्रता से लगा था कि अमेरिका नए रास्ते पर चल पड़ा है। मगर मार्ग में बाधाएं तब आनी शुरू हुईं, जब मस्क के कई फैसलों का अमेरिका में विरोध होने लगा।वहीं ट्रंप की नीतियों से उनके कारोबारी हित भी टकराने लगे। उनके बीच दोस्ती में पहली दरार तब दिखी, जब ट्रंप ने कृत्रिम मेधा से जुड़ी पांच सौ अरब डालर की योजना कुछ निवेशकों के साथ पेश की। इसके बाद मतभेद बढ़ते चले गए। फिलहाल ताजा टकराव भारी-भरकम सरकारी खर्च पर है। इससे बजट घाटा बढ़ने का खतरा बताते हुए मस्क ने तीखे सवाल उठाए हैं।मस्क हमेशा विवादों में रहे। उनका कई मंत्रियों से नीतिगत विवाद हआ। वहीं उनके आक्रामक कदम से ट्रंप प्रशासन में भी तनाव दिखा। सरकारी कर्मियों की छंटनी करने का खासा विरोध हुआ। इससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ा। मस्क की नीतियों से चिंतित ट्रंप को कहना पड़ा कि नौकरियों के मामले सरकार की चलेगी, न कि मस्क की। दरअसल, उनके फैसलों पर विवाद बढ़ने से ट्रंप प्रशासन की साख पर असर पड़ने लगा था। मतभेद यहीं तक सीमित नहीं था। आव्रजन नीति को बदलने या इसे खत्म करने के मुद्दे पर मस्क सहमत नहीं थे।उनके दबाव में पहली बार इस मसले पर ट्रंप को झुकना पड़ा था। उन्हें कहना पड़ा कि एच वन बी वीजा उनको पसंद है। कुछ समय पहले शुल्क और व्यापार के मसले पर भी उनके बीच मतभेद गहरा गए थे। ट्रंप के ठेस पहुंचाने वाले बयानों से भी मस्क का मोहभंग हुआ। सवाल है कि क्या अब मस्क के विरोध और सरकारी जिम्मेदारी छोड़ कर अलग हो जाने के बाद डोनाल्ड ट्रंप मनमाने फैसले करने और बड़बोलेपन से बचने का प्रयास करेंगे!

# भारत की बहुआयामी प्रगति, समृद्धि और सम्मान के 11 वर्ष

● डॉ. मोहन यादव

नये भारत निर्माण के दृष्टा, वैश्विक राजनेता और हमारे मार्गदर्शक यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 11 वर्षों का कार्यकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिये समर्पित रहा है। यह समय अनूठा, अद्भुत और अकल्पनीय है। इस यात्रा में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत को विश्व में मान, सम्मान और श्रेष्ठ स्थान प्राप्त हुआ है। इस विशेष उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री जी को हार्दिक बधाई।

प्रधानमंत्री जी की यह यात्रा देश की बहुआयामी प्रगति, समृद्धि और सम्मान की यात्रा है। इसमें एक ओर भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बना है, देश का रक्षा निर्यात 34 गुना बढ़ा है और भारत अब डिफेंस इम्पोर्टर से एक्सपोर्टर बन गया है। वहीं 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आये हैं। यह हमारा सौभाग्य है कि डबल इंजन की सरकार का लाभ मध्यप्रदेश और प्रदेशवासियों को मिल रहा है। इस विशेष संयोग में प्रदेश ने नवाचारों के साथ विकास के कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के सम्मान का मंत्र दिया। उन्होंने इन्हीं चार स्तंभों के समग्र विकास से वर्ष 2047 तक विकसित भारत निर्माण का मार्ग बताया। हमने इन्हीं स्तंभों पर केन्द्रित मिशन बनाकर कार्य आरंभ कर दिया है।

प्रधानमंत्री जी की नीतियों और निर्णयों ने नये आत्मनिर्भर भारत निर्माण को गति दी है। 11 वर्ष पूर्व श्री मोदी जी ने संसद की सीढ़ियों को नमन करके जो संकल्प व्यक्त किये थे, उनमें उनकी भावी यात्रा के साथ नये भारत निर्माण के संकेत भी थे। उन्होंने निरंतर अपने संकल्पों की सिद्धि के साथ देश को आगे बढ़ाया है और राष्ट्र तथा समाज के उत्थान के लिए अभूतपूर्व निर्णय लिये हैं। ?

अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण, भारत में नागरिकता कानून (सीएए) बनाने, तीन तलाक जैसे अमानवीय कानून को समाप्त करने, वक्फ संपत्ति का मुस्लिम समाज के कल्याण में उपयोग के लिए वक्फ संशोधन विधेयक कानून लाने जैसे निर्णय प्रधानमंत्री जी की संकल्प शक्ति से ही संभव हुए हैं। उनका दृढ़ संकल्प सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक में भी दिखाई दिया। बालाकोट के बाद ऑपरेशन सिंदूर से भारत के सामर्थ्य को पूरी दुनिया ने देखा है। पहलगाम में बहनों के सामने आतंकियों ने उनका सिंदूर मिटाया था, प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से यह साबित कर दिया कि यह नया भारत है जो राष्ट्र के सम्मान, नागरिकों की सुरक्षा और मानवता के लिए घर में घुसकर भी मारना जानता है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यकाल की यह समृद्ध यात्रा राष्ट्र की उन्नति, आधारभूत समस्याओं के निराकरण और वैश्विक छवि के उत्थान की रही है। देश के 80 करोड़ से अधिक गरीबों को नि:शुल्क अन्न, 4 करोड़ से अधिक परिवारों को पक्का घर, हर घर में शौचालय, 15.6 करोड़ से अधिक घरों में नल से जल, 10 करोड़ से अधिक घरों में उज्ज्वला योजना से गैस कनेक्शन और गांवों को रोशन किया है। उनके स्वच्छ भारत अभियान के आह्वान पर पूरा देश स्वच्छता एवं साफ सफाई में जुट गया। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि प्रदेश के इंदौर को लगातार सात बार स्वच्छ



शहर का पुरस्कार और मध्यप्रदेश को दूसरा सबसे स्वच्छ राज्य बनने का गौरव प्राप्त हुआ।

प्रधानमंत्री जी ने 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' का उद्घोष किया। उनकी नीतियों में अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति के कल्याण की अवधारणा है। सबके स्वस्थ और सुखमय जीवन के लिए 'आयुष्मान भारत' अभियान चलाया। इसमें 9 करोड़ से अधिक लोगों का मुफ्त उपचार हुआ है। सत्तर वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को भी निश्शुल्क उपचार मिला है। 16 हजार से अधिक जन औषधि केन्द्रों से सस्ती और अच्छी दवाएं उपलब्ध करवाई है। कोरोना काल में देशवासियों को आपदा में अवसर का मंत्र देते हुए प्रधानमंत्री जी ने आत्मनिर्भर भारत निर्माण का संकल्प दिया और देशवासियों को स्वदेशी निश्शुल्क वैक्सीन उपलब्ध करवाई। इस भारतीय वैक्सीन को दुनिया के कई देशों ने भी स्वीकारा। उन्होंने श्रृंखलाबद्ध लोक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज के हर वर्ग के समग्र विकास की समुचित व्यवस्था की। जनधन योजना से 55 करोड़ से अधिक लोगों को वित्तीय धारा से जोड़ा गया। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से गरीबों को 44 लाख करोड़ रुपये का लाभ प्राप्त हुआ है। पीएम स्वनिधि और स्ट्रीट वेंडर से रेहड़ी-पटरी के व्यवसायियों को आधार दिया और आत्मनिर्भर भारत की नींव रखी, युवा शक्ति को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए, नई शिक्षा नीति के साथ 1.6 करोड़ से अधिक युवाओं का कौशल विकास और 1.6 लाख से अधिक स्टार्टअप्स शुरू कर युवाओं को विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति के लिये भागीदार बनाया है। मध्यप्रदेश ने सबसे पहले नई शिक्षा नीति को अमल में लाया और युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण देकर रोज़गार तथा स्व-रोज़गार के लिये अनंत संभावनाए विकसित की हैं।

मुझे इस बात की खुशी है कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, 7.7 करोड़ से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड तथा फसल बीमा से अन्नदाताओं को संबल मिला है। महिलाओं की सुरक्षा के उपाय, आर्थिक स्वावलंबन, सामाजिक उत्थान और राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया है। देशभर में लगभग 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। देश में 90 लाख से अधिक स्व सहायता समूहों के माध्यम से 10 करोड़ ग्रामीण महिलाएं लाभान्वित हुई हैं इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। माननीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में लगभग 5 लाख स्व सहायता समूहों से 62 लाख महिलाएं आत्मनिर्भर हुई हैं।

वर्ष 2014 में भारत की अर्थव्यवस्था 10वें स्थान पर थी। प्रधानमंत्री जी की आर्थिक नीतियों, विशेषकर नोटबंदी जिससे कदाचार पर नियंत्रण हुआ, डिजिटलाइजेशन और यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) से ऑनलाइन लेनदेन का चलन बढ़ा। इन सभी नीतियों ने आर्थिक विकास के निर्णयों को सबल किया और भारत दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया।

प्रधानमंत्री जी ने विकास के साथ विरासत का आह्वान किया है। विरासत को सहेजने के लिए उन्होंने धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के विकास और पुनर्प्रतिष्ठा का कार्य आरम्भ किया तथा इसे धार्मिक पर्यटन से जोड़ा। लोगों का अपनी विरासत के प्रति सम्मान बढ़ने के साथ पर्यटकों की संख्या भी बढ़ी है। नमामि गंगे योजना से पवित्र नदियों की सफाई अभियान के साथ जल संरक्षण की परम्परा विकसित हो रही है।

प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमने मध्यप्रदेश में विकास के साथ विरासत के संकल्प को आत्मसात किया और भव्य और दिव्य महाकाल महालोक का निर्माण किया। श्रीराम वन गमन पथ, श्रीकृष्ण पाथेय निर्माण और विक्रमोत्सव का आयोजन किया है। प्रदेश को केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल रिवर लिंक परियोजनाओं की सौगात मिली है। आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए श्री मोदी जी ने लोकल फॉर वोकल और ग्लोबल का आह्वान किया। मध्यप्रदेश में हमने प्रत्येक क्षेत्र के विशिष्ट उत्पादों के अनुरूप उद्योग स्थापित करने का नवाचार प्रारंभ किया है। इसके लिए पहले रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव फिर महानगरों और विदेशों में रोड शो तथा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की सफलता के बाद अब सेक्टर आधारित समिट के विस्तार का उपक्रम शुरू किया है। इससे प्रदेश के औद्योगिक विकास में क्रांतिकारी परिवर्तन आयेगा।

श्री मोदी जी ऐसे युगदृष्टा हैं जिन्होंने आधारभूत समस्याओं के समाधान और विरासत को सहेजने के साथ भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान की भी नई उड़ान भरी है। उन्होंने स्वदेशी तकनीक विकसित करने का आह्वान किया था जिसने अपना लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। प्रधानमंत्री जी ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र (इसरो) के वैज्ञानिकों से स्वयं चर्चा की और आवश्यक बजट तथा सुविधाएं उपलब्ध करवाई। इसका परिणाम यह है कि भारत की अंतरिक्ष अनुसंधान तकनीक विश्व में अग्रणी बनी और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला भारत दुनिया का पहला देश बन गया।

कनेक्टिविटी से विकास को गति प्रदान करने के लिये प्रधानमंत्री जी ने सड़क और रेल नेटवर्क का विस्तार, 23 शहरों में मेट्रो परियोजनाओं की प्रगति, बंदरगाह, हवाई मार्ग, हाई स्पीड कॉरिडोर निर्माण के लक्ष्य को स्वरूप प्रदान किया है। अटल टनल और दुनिया का सबसे ऊंचा आर्च ब्रिज चेनाब आकार ले चुका है।

प्रधानमंत्री जी का संकल्प है स्वतंत्रता के 100वें वर्ष यानी वर्ष 2047 तक भारत को 35 ट्रिलियन डॉलर की पूर्ण विकसित अर्थव्यवस्था बनाना और विश्व की सर्वोच्च शक्ति के रूप में स्थापित करना है। इस संकल्प की पूर्ति में मध्यप्रदेश सहभागी बनने के लिये प्रतिबद्ध है। उनके आशीर्वाद और सहयोग से मध्यप्रदेश प्रगति के साथ नया इतिहास रच रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री जी के नये भारत निर्माण लक्ष्य को सार्थक करने में मध्यप्रदेश की अग्रणी भूमिका रहेगी।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हरित राष्ट्र निर्माण की ओर बढ़ता भारत

**यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पर्यावरणीय चेतना को नीति-निर्माण के मूल में स्थापित किया है। वैदिक दर्शन से प्रेरित 'प्रकृति रक्षति रक्षित:' का विचार अब योजनाओं और अभियानों में स्पष्ट रूप से दिख रहा है। मिशन लाइफ (लाइफ) हो या एक पेड़ मां का नाम, प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम हो या नवीकरणीय ऊर्जा की क्रांति, भारत ने यह सिद्ध किया है कि पर्यावरण की रक्षा केवल योजनाओं का विषय नहीं, बल्कि अब यह ग्रासरूट पर बड़ा आकार ले चुका है। 2022 में शुरू किया गया मिशन लाइफ आज करोड़ों लोगों की जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव ला चुका है। ऊर्जा दक्षता, जल संरक्षण और कचरा प्रबंधन जैसे विषय अब केवल नीतिगत शब्द नहीं रहे, वे नागरिक चेतना का हिस्सा बन चुके हैं।**

(कीर्तिवर्धन सिंह)

हर वर्ष 5 जून को मनाया जाने वाला विश्व पर्यावरण दिवस हमें यह याद दिलाता है कि प्रकृति केवल संसाधन नहीं, जीवन का आधार है। आज जब जलवायु परिवर्तन, जैवविविधता का क्षय और प्रदूषण वैश्विक चिंता के केंद्र में हैं, भारत ने पर्यावरण संरक्षण को केवल एक प्रशासनिक लक्ष्य नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन में परिवर्तित किया है।

यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पर्यावरणीय चेतना को नीति-निर्माण के मूल में स्थापित किया है। वैदिक दर्शन से प्रेरित 'प्रकृति रक्षति रक्षितः' का विचार अब योजनाओं और अभियानों में स्पष्ट रूप से दिख रहा है। मिशन लाइफ (लाइफ) हो या एक पेड़ मां का नाम, प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम हो या नवीकरणीय ऊर्जा की क्रांति, भारत ने यह सिद्ध किया है कि पर्यावरण की रक्षा केवल योजनाओं का विषय नहीं, बल्कि अब यह ग्रासरूट पर बड़ा आकार ले चुका है।

2022 में शुरू किया गया मिशन लाइफ आज करोड़ों लोगों की जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव ला चुका है। ऊर्जा दक्षता, जल संरक्षण और कचरा प्रबंधन जैसे विषय अब केवल नीतिगत शब्द नहीं रहे, वे नागरिक चेतना का हिस्सा बन चुके हैं। यही कारण है कि भारत ने केवल तीन वर्षों में ही 250 मिलियन लीटर जल की बचत और ऊर्जा दक्ष उपकरणों के उपयोग में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है।

इसी प्रकार, वायु प्रदूषण जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में भी भारत ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के माध्यम से ठोस प्रगति की है। 2019 से 2024 के बीच पीएम 2.5 स्तर में 20त्न से 35त्न तक की गिरावट उन प्रयासों का प्रमाण है, जो पहले केवल शहरी चिंताओं तक सीमित थे, पर अब राष्ट्रीय प्राथमिकता बन चुके हैं। पर्यावरण की दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण क्षेत्र, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन में भी भारत ने निर्णायक कदम उठाए हैं। सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध और उसके विकल्पों को बढ़ावा देना केवल एक विनियामक निर्णय नहीं था, बल्कि यह अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य और संस्कृति से जुड़ा व्यापक हस्तक्षेप था।

ऊर्जा के क्षेत्र में भारत की गति और दृष्टि दोनों वैश्विक मानकों को नई चुनौती दे रहे हैं। 2014 में नवीकरणीय ऊर्जा का योगदान जहां मात्र 17 प्रतिशत था, वहीं 2024 में यह बढ़कर 43त्न तक पहुंच चुका है। 2030 तक 500 जीडब्ल्यू क्षमता का लक्ष्य न केवल संभव प्रतीत होता है, बल्कि भारत के वैश्विक ऊर्जा नेतृत्व की आधारशिला भी बन रहा है। इस हरित यात्रा में जल, वन और जैवविविधता की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया गया है। अमृत सरोवर योजना, राष्ट्रीय जैवविविधता मिशन और वन क्षेत्र में वृद्धि जैसे प्रयास इस बात का संकेत हैं कि भारत अपने प्राकृतिक संसाधनों को केवल बचाने में नहीं, बल्कि उन्हें पुनर्जीवित करने में विश्वास रखता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कई अवसरों पर यह स्पष्ट किया है कि पर्यावरण संरक्षण सरकार का अकेला कार्य नहीं हो सकता, इसमें समाज की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। यही कारण है कि एक पेड़ माँ के नाम, स्वच्छ भारत मिशन और नमामि गंगे जैसी योजनाओं को देशवासियों ने आत्मसात किया है। विदेश राज्यमंत्री के तौर पर मैंने भी कई महाद्वीपों जैसे दक्षिणी अमेरिका (कोलंबिया) अफ्रीका (गाबिया) यूरेशिया(आर्मेनिया) यूरोप (नार्वे) एशिया(तुर्कमेनिस्तान, किर्गिस्तान और मलेशिया) में पौधारोपण किया, इस अभियान की वैश्विक सराहना हो रही है।

मिशन लाइफ और एक पेड़ मां के नाम अभियान

यह केवल प्रशासनिक उपलब्धियां नहीं हैं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के जीवंत उदाहरण हैं। भारत की यह पर्यावरणीय चेतना अब सीमाओं के भीतर सीमित नहीं है। अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, बिग कैट एलायंस, ग्रीन डेवलपमेंट कॉम्पेक्ट, और वन वर्ल्ड, वन सन, वन ग्रिड जैसे वैश्विक पहल यह दर्शाते हैं कि भारत न केवल घरेलू स्तर पर बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी पर्यावरणीय नेतृत्व करता दिख रहा है। आज जब विश्व पर्यावरण दिवस की चर्चा हो रही है, यह ज़रूरी है कि हम भारत की इस अद्भुत पहल को केवल आंकड़ों और रिपोर्टों से न आंकें। यह एक वैचारिक, सांस्कृतिक बदलाव का आंदोलन है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और संधारणीय भविष्य रचने की दिशा में निरंतर अग्रसर है। (लेखक (केंद्रीय विदेश, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री हैं)

## वर्ग पहेली 5756

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| | ■ | 5 | | | ■ | 6 | |
| 7 | 8 | | ■ | 9 | | | ■ |
| 10 | | ■ | 11 | | ■ | 12 | 13 |
| 14 | | 15 | | ■ | 16 | ■ | |
| | ■ | 17 | | 18 | | ■ | |
| ■ | 19 | | ■ | | ■ | 20 | |
| 21 | | | ■ | 22 | | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. ब्रायन लारा पहले ऐसे क्रिकेटर है जिसने टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा 400 रन बनाए, यह स्कोर इस देश के खिलाफ बनाए थे (3)
3. 14 वीं-15 वीं शताब्दी के प्रसिद्ध सूफी संत जिन्हें नीरुनमीमा नामक जुलाहे दंपत्ति ने पाला था (3)
5. काव्य मर्मज्ञ, रस पान करने वाला (3)
6. गाए जाने वाले वेदमंत्र (2)
7. जागृत होना, नींद से उठना (3)
9. जीवन, जिंदगी (3)
10. मेरा या मेरी (संस्कृत)(2)
11. ब्रत, विद्या, आगे की ओर (2)
12. छोटा, निःसार, तीन प्रकार के प्राणायामों में से एक (2)
14. वायुयान में चालक के बैठने की सीट (4)
17. अपने अधिकारों का दुरुपयोग करने वाला, स्वेच्छाचारी (4)
19. एक बार सांस लेने का समस, कश (2)
20. यह वाराणसी का पुराना नाम है (2)
21. जिसने कोई घटना अपनी आंखों से देखी हो, साक्ष्य (3)
22. अग्नि बुझाने का यंत्र (4)

**ऊपर से नीचे**

1. इंतजाम करने वाला (6)
2. भयभीत होना, खौफ जदा होना (3)
3. क से ह तक की वर्णमाला (4)
4. पुराणानुसार सात लोकों में से छठे लोक का नाम जहां की भूमि पथरीली है (4)
8. खुशबू, सुगंध, महक (3)
11. बिहार के इस शहर का पुराना नाम पाटलिपुत्र था (3)
13. किसी द्रव्य या पानी में घुलने वाला (5)
15. पिता का पिता, दादा, बाबा (4)
16. अनुराग, प्रेम, लालसा, इच्छा (2)
18. संभव है कि, कदाचित (3)
19. औषधि, उपचार (2)
20. कौआ पक्षी, काग (2)

### वर्ग पहेली 5755 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | हौ | र | ■ | ब | र | ग | द |
| म | ज | मा | ■ | ह | मा | रा | ■ |
| बं | ■ | ना | म | क | ■ | रा | पी |
| दी | न | ■ | स | ना | थ | ■ | प |
| ■ | म | ह | ल | ■ | प | ह | ल |
| ता | क | ■ | ना | पा | क | ■ | ■ |
| ■ | ख्या | ब | ■ | ता | ना | बा | ना |
| शा | र | दा | ■ | ल | ■ | द | ल |

## हृदय दीपम

(रमेश जोशी)

आजकल सब कुछ बहुत अनिश्चित हो रहा है।

जब जहाँ जिसे होना चाहिए वह उस समय वहाँ नहीं होता। जैसे मई में राजस्थान में गरमी पड़नी चाहिए जिससे जुलाई में बारिश ठीक-ठाक हो जाए लेकिन पिछले कोई 10-15 दिनों से कभी आँधी, कभी ओले तो कभी तेज बौछार।वैसे ही जैसे कश्मीर में पुलिस और सुरक्षा बलों कश्मीर में ट्यूरिस्टों की भीड़ और आतंकवादी खतरे को देखते हुए पहलगाँव के बैसरन में होना चाहिए था लेकिन वह निशिकांत दुबे की शादी की 25 वीं वर्षगांठ पर उस होटल की सुरक्षा में लगी हुई थी जहाँ विशिष्ट मेहमान ठहरे हुए थे। जैसे 22 अप्रैल को पहलगाँव हमले के बाद मोदी जी को बैसरन या सीमा के आसपास या जनरलों के साथ मीटिंग में होना चाहिए था, वे 24 अप्रैल को बिहार के मधुबनी में अंग्रेजी में पाकिस्तान को मिट्टी में मिलाने की धमकी दे रहे थे। जब उन्हें पाकिस्तान से सटे पुंछ आदि में मारे गए नागरिकों के परिवारों से मिलना था तब वे गुजरात में माथे पर सेहरा बाँधकर सिंदूर उछालते हुए सड़कों पर शो कर रहे थे।

इसी तरह बिजली और नेट का हाल है। जब उन्हें काम के समय दोपहर में होना चाहिए तब वे गायब होते हैं। ऐसे में हमें अगर कुछ काम करना होता है तो सुबह सुबह जब तक बिजली और नेट रहते हैं, कर लेते हैं।

आज सुबह जब तोताराम आया तो हम लैपटॉप पर कुछ काम कर रहे थे इसलिए उसकी ओर ध्यान नहीं दिया तो वह वैसे ही झुंझला गया जैसे कोई आत्ममुग्ध प्रधानमंत्री अपनी रैली या रोड़शो में कम भीड़ देखकर पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ताओं पर झुंझला जाता है।

बोला- क्या इसमें एयर मार्शल मोदी जी का फुल वर्दी में चश्मा लगाए, सिंदूरी रंग में रँगा धाकड़ फ़ोटो है जो तेरी निगाहें स्क्रीन से हट ही नहीं रही हैं।

हमने कहा- मोदी जी का फ़ोटो देखने के लिए किसी लैपटॉप की क्या जरूरत है। वह तो रेल के टिकट से लेकर कोरोना के टीके के सर्टिफिकेट तक पर दिख जाता है। हो सकता है कल को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने वालों और पेंशनभोगियों के माथे पर भी छपा हुआ दिखाई देने लगे। हम तो लैपटॉप पर 'हृदय दीपम्' पढ़ रहे थे।

बोला- अच्छा है मुसलमान मोमिन की शायरी से तो पीछा छूटा।बिना बात विधर्मी भाषा पढ़कर दोनों जन्म बिगाड़ रहा था। कुछ ढंग का पढ़ लेगा तो कम से कम अगला जन्म तो सुधर जाएगा। 'हृदय दीपम्' क्या रामभद्राचार्य जी ने लिखा है क्या?

हमने कहा- क्यों क्या और कोई 'हृदय दीपम्' नहीं लिख सकता?

बोला- लिख तो सकता है लेकिन आज की तारीख में एक ही तो 'हृदय' है जिसमें 'दीप' जलता है, जो बिना भौतिक नेत्रों के सब कुछ देख सकता है। और वह है अनेक भाषाओं का ज्ञाता, प्रज्ञाचक्षु,पद्मविभूषण, ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता,वशिष्ठ कुलोत्पन्न श्रेष्ठ ब्राह्मण, महाकवि जगद्गुरु रामभद्राचार्य उर्फ गिरिधर मिश्र जो सभी परीक्षाओं में फर्स्ट क्लास फर्स्ट आया है। 250 से अधिक पुस्तकें लिखी हैं। सभी मोटी-मोटी और छंदबद्ध। उन्हें सब कुछ कंठस्थ है।

हमने कहा- श्रेष्ठता के लिए क्या वशिष्ठ गोत्रीय या ब्राह्मण होना जरूरी है? वेद व्यास धीवर कन्या की संतान थे और आदि कवि बाल्मीकि भी ब्राह्मण नहीं थे। और वशिष्ठ गोत्रीय तो कोई भी नहीं। वैसे भगवान और संविधान दोनों की दृष्टि में तो सभी समान हैं।

बोला- मुझे क्या पता। यह सब तो रामभद्राचार्य जी ने ही कहा है।

हमने कहा- वे तो और भी बहुत कुछ कहते हैं। वे तो हिन्दू-मुसलमान, ब्राह्मण-चमार जाने क्या क्या करते हैं।

बोला- फिर भी उनमें कुछ तो होगा जिसके लिए उन्हें पद्मविभूषण और ज्ञानपीठ मिला है।

## आज का राशिफल

### मेष

आज धन संबंधित कार्यों में कुछ रुकावटें आ सकती हैं। लेन-देन में सावधानी जरूरी है, खासकर अगर आप थोक व्यापार या कच्चे माल से जुड़े व्यवसाय में हैं। कोई बड़ा भुगतान अटक सकता है, जिससे आपकी पूंजी प्रभावित होगी। नौकरीपेशा लोगों को ट्रांसफर या विभागीय बदलाव की सूचना मिल सकती है।

### वृष

आज दिन व्यावसायिक दृष्टि से सकारात्मक रहेगा। कोई पुराना प्रॉजेक्ट दोबारा एक्टिव हो सकता है। ब्रोकर, वकील, एजेंट, और शेयर बाजार से जुड़े लोग अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। साझेदारी में मनमुटाव की संभावना है, पर समझदारी से काम लेंगे तो रिश्ता भी बचेगा और धन भी। नौकरी में प्रमोशन की चर्चा संभव है या नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

### मिथुन

आज निवेश संबंधी निर्णयों में सतर्कता बरतनी चाहिए। शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड या क्रिप्टो जैसे क्षेत्रों में रिस्क है। बेरोजगार युवाओं को इंटरव्यू कॉल या नौकरी का ऑफर आ सकता है, लेकिन निर्णय जल्दबाजी में न लें। फ्रीलांसर और कंसल्टेंट्स के लिए दिन व्यस्त रहेगा, पर आय में वृद्धि की संभावना भी बनी रहेगी।

### कर्क

आज किसी पुराने प्रॉजेक्ट से अचानक आर्थिक लाभ मिल सकता है। व्यापारी वर्ग को नया ऑर्डर या टेंडर मिलने की संभावना है, विशेषकर निर्माण या फैक्ट्री से जुड़े लोगों को। ऑफिस में टीमवर्क पर फोकस करें। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े जातकों को नई डील या क्लाइंट मिल सकता है।

### सिंह

आज लाभ के योग हैं और आपके यात्रा संबंधी खर्चों में वृद्धि हो सकती है, विशेषकर व्यवसायिक यात्राएं। होटल, पर्यटन, इवेंट या मीडिया इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के लिए दिन भाग्यशाली है। किसी अधूरे प्रॉजेक्ट को पूरा करने के लिए अधिक मेहनत करनी होगी। सेल्स टारगेट वाले क्षेत्रों में कार्यरत जातकों को अच्छे नतीजे मिल सकते हैं।

### कन्या

आज दिन भागदौड़ और प्रयास का है। सूर्य की स्थिति के कारण सरकारी या प्रशासनिक मामलों में थोड़ी रुकावट आ सकती है, परंतु दिन के अंत में प्रयास सफल होंगे। आपके द्वारा किए गए सौदे भविष्य में बड़े अनुबंध का रूप ले सकते हैं।

### तुला

आज दिन मानसिक अशांति और आंतरिक संघर्ष का है। शुक्र की स्थिति के कारण आप आर्थिक रूप से थोड़ा असंतुलित अनुभव कर सकते हैं। विरोधी आपकी छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं, अत: विवेक और साहस से काम लें। व्यवसाय में किसी पुराने ग्राहक से तनाव हो सकता है।

### वृश्चिक

आज मंगलमय समाचार मिलने की संभावना है। व्यापार में तनावपूर्ण स्थितियों से राहत मिलेगी और नई योजना लाभदायक सिद्ध होगी। पुराने कानूनी मामलों या बकाया धन की प्राप्ति से मानसिक शांति मिलेगी। नौकरीपेशा लोगों को ऑफिस में वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा।

### धनु

आज दिन नई संभावनाओं और संपर्कों से भरपूर रहेगा। यदि आप किसी बड़े क्लाइंट से डील फाइनल करना चाहते हैं तो यह समय अनुकूल है। अतीत में किए गए कार्यों का प्रतिफल मिलेगा युवा उद्यमियों के लिए नेटवर्किंग और एक्सपोजर का दिन है। सामाजिक स्तर पर भी आपकी उपस्थिति मजबूत होगी।

### मकर

आज दिन सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों से युक्त रहेगा, जिससे मन को शांति और नए अवसर प्राप्त होंगे। ग्रहों की चाल आपकी आर्थिक उन्नति में सहायक है, विशेषकर यदि आप रियल एस्टेट, फार्मा या ट्रेडिंग से जुड़े हैं। क्रय-विक्रय में लाभ होगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए ट्रांसफर या नई पोस्टिंग के योग हैं।

### कुंभ

आज जातकों के लिए दिन बड़े अवसरों का है। यदि आप आयात-निर्यात, कंसल्टेंसी या टेक्नोलॉजी आधारित व्यवसाय में हैं, तो बड़ा कदम उठाया जा सकता है। ऑफिस में आपकी निर्णय लेने की क्षमता की प्रशंसा होगी। उच्चाधिकारी आपकी कार्यशैली से प्रसन्न होंगे। आध्यात्मिक रुझान भी बढ़ेगा, जिससे मानसिक स्थिरता मिलेगी।

### मीन

आज दिन आंतरिक जागरुकता और करियर विस्तार का है। बृहस्पति की स्थिति से शिक्षा, प्रशिक्षण, और गहराई से ज्ञान प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। विवादों का अंत होगा और गुप्त शत्रुओं से सावधान रहना होगा। किसी भी बड़े आर्थिक सौदे में सावधानी बरतें। खासकर उधार देने से बचें। नौकरी में वरिष्ठों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मरते-मरते 5 को दी जिंदगी, IAF की कोशिश लाई रंग; एयरलिफ्ट कर लिवर-कॉर्निया पहुंचाई दिल्ली

**बेंगलुरु, एजेंसी।** बेंगलुरु में एक ऐसे मरीज के अंगों को देश के विभिन्न हिस्सों में भेजकर पांच लोगों को नया जीवन दिया गया। इस मरीज को शुक्रवार को चिकित्सकों ने ब्रेन डेड घोषित कर दिया था। इस अभियान के तहत भारतीय वायुसेना के विमान द्वारा एक गुर्दे और एक कॉर्निया को हवाई मार्ग से बेंगलुरु से दिल्ली पहुंचाया गया। भारतीय वायुसेना ने शनिवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में समन्वित अभियान का विवरण और अंगों को हवाई मार्ग से ले जाए जाने की तस्वीरें साझा कीं। भारतीय वायुसेना की इस पोस्ट में कहा गया कि वायु सेना ने 'कमांड हॉस्पिटल एयर फोर्स बेंगलुरु' (सीएचएएफबी) के जरिए जीवनरक्षक प्रतिरोपण को संभव बनाने और विभिन्न स्थानों पर अंगों को पहुंचाने में मदद की। इसमें कहा गया कि शुक्रवार को ब्रेन डेड घोषित किया गया मरीज पांच लोगों को नया जीवन दे गया। भारतीय वायुसेना के अनुसार, एक गुर्दे और एक कॉर्निया को दिल्ली के सैन्य अस्पताल में भेजा गया। दूसरे गुर्दे, कॉर्निया, त्वचा के प्रतिरोपण की प्रक्रिया बेंगलुरु के विक्टोरिया हॉस्पिटल की मेडिकल टीम के सहयोग से सीएचएएफबी में की गई। इस पोस्ट में आगे कहा गया है कि 'ग्लेनईगल्स बीजीएस अस्पताल' में लिवर का सफलतापूर्वक प्रतिरोपण किया गया। भारतीय वायुसेना ने पोस्ट में कहाकि यह अभियान 'जीवनसार्थकथे कर्नाटक' के साथ मिलकर किया गया। यह सशस्त्र सेना चिकित्सा समुदाय की असाधारण प्रतिबद्धता और चिकित्सकीय क्षेत्र में विशेषज्ञता को दर्शाता है।

### अतीत नहीं, भविष्य की ओर से देख रहे, उद्धव और राज ठाकरे के साथ आने की अटकलों पर बोले संजय राउत

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने चचेरे भाइयों उद्धव और राज ठाकरे के बीच संभावित सुलह की अटकलों पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी अतीत की तरफ नहीं, बल्कि भविष्य की ओर देख रही है। राउत का यह बयान राज ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के नेताओं की ओर से शुक्रवार को दिए उस बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि शिवसेना (यूबीटी) की ओर से मनसे अध्यक्ष को एक प्रस्ताव भेजना चाहिए। मनसे नेताओं ने कहा था कि जब उनकी पार्टी ने 2014 और 2017 में अविभाजित शिवसेना के साथ गठबंधन बनाने का प्रयास किया था, तो उनसे कोई उचित प्रतिक्रिया नहीं मिली थी। राउत ने पत्रकारों से कहा, 'जो लोग सकारात्मक कदम उठाना चाहते हैं, वे पीछे मुड़कर नहीं देखते। हम भविष्य की ओर देखते हैं। आप कब तक अतीत पर सोचते रहेंगे।' उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को दोनों क्षेत्रीय दलों के बीच गठबंधन की संभावना के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा था कि महाराष्ट्र की जनता जो चाहेगी वही होगा। उद्धव और राज ठाकरे की ओर से हाल में दिए गए बयानों ने दोनों के बीच संभावित सुलह की अटकलों को हवा दे दी है। मनसे 2006 में राज ठाकरे द्वारा गठित संयुक्त शिवसेना से अलग हुआ एक समूह है। दोनों नेताओं के बयानों से संकेत मिला है कि वे मामूली मुद्दों को नजरअंदाज कर सकते हैं और लगभग दो दशक के अलगाव के बाद फिर से हाथ मिला सकते हैं। राज ठाकरे ने हाल में कहा था कि मराठी मानुष (मराठी भाषी लोगों) के हित में एकजुट होना मुश्किल नहीं है, वहीं उद्धव ठाकरे ने कहा कि वह छोटी-मोटी लड़ाइयों को किनारे रखने के लिए तैयार हैं, बशर्ते कि महाराष्ट्र के हितों के खिलाफ काम करने वालों को शामिल न किया जाए।

### प्रमोद कृष्णम का राहुल गांधी पर तंज, जब चुनाव जीतते हैं तो लोकतंत्र जिंदा हो जाता है

**संभल, एजेंसी।** लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी के महाराष्ट्र चुनाव में मैच फिक्सिंग की बात कहे जाने पर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। शनिवार को आचार्य प्रमोद कृष्ण ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि जब उनकी पार्टी चुनाव जीतती है तो लोकतंत्र जिंदा हो जाता है, नहीं तो मर जाता है। दरअसल, एक हिंदी और अंग्रेजी दैनिक में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का आर्टिकल छपा है, जिसमें उन्होंने महाराष्ट्र चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए मैच फिक्सिंग की बात दोहराई। उनके इस आर्टिकल के बाद सियासत तेज हो गई है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा, राहुल गांधी पर टिप्पणी करना ठीक नहीं। जब वह चुनाव जीतते हैं तो लोकतंत्र जिंदा हो जाता है और जब चुनाव हारते हैं तो लोकतंत्र मर जाता है। मूल रूप से राहुल गांधी का विश्वास न भारत की संसद और न ही संविधान पर है। सर्वोच्च न्यायालय और चुनाव आयोग पर भी उन्हें कोई विश्वास नहीं। राहुल गांधी अपने आप से एक विशेष प्रकार की लड़ाई लड़ रहे हैं। विपक्षी पार्टी के नेताओं के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करने पर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा, पीएम मोदी ने देश की एकता और मजबूती के लिए बहुत कुछ किया। उनके फैसले इस बात का सबूत हैं। ऐसे में अगर विपक्षी पार्टी के नेता भी अगर पीएम मोदी की तारीफ कर रहे हैं, तो यह बड़ी बात नहीं है। बड़ी बात यह है कि पीएम मोदी तारीफ के काबिल हैं। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने अपने आर्टिकल की प्रति सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर करते हुए लिखा, ये समझना बिल्कुल मुश्किल नहीं है कि महाराष्ट्र में भाजपा इतनी बौखलाई हुई क्यों थी।

# कौन बनेगा भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष? जून में ही हो सकता है ऐलान, रेस में इन 3 दिग्गजों के भी नाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कौन बनेगा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष? इस सवाल पर अभी भी सस्पेंस बरकरार है। कई नामों की चर्चा हो रही है। हालांकि अभी तक आधिकारिक तौर पर संगठन चुनाव को लेकर पार्टी की तरफ से कुछ भी नई जानकारी नहीं दी गई है। बीजेपी के संविधान के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए आधे से अधिक राज्यों में संगठन चुनाव की प्रक्रिया पूरी होना अनिवार्य है। सूत्रों के अनुसार, अधिकांश राज्यों में यह प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। हाल ही में उत्तर प्रदेश में भी जिला अध्यक्षों के नाम की घोषणा कर दी गई थी। इसके बाद उम्मीद जगी की जल्द ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का भी चुनाव संपन्न हो जाएगा। लेकिन पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद इसे फिर से टाल दिया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष से पहले भाजपा को कई राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष भी चुनना है। उत्तराखंड में एक ब्राह्मण चेहरा सबसे मजबूत दावेदार माना जा रहा है। उत्तर प्रदेश में पहले ब्राह्मण उम्मीदवार पर विचार किया जा रहा था, लेकिन अब पिछड़े वर्ग से अध्यक्ष बनाने की मांग तेज हो गई है। मध्य प्रदेश में अब तक का फार्मूला था - मुख्यमंत्री ओबीसी और प्रदेश अध्यक्ष ब्राह्मण, लेकिन अब पार्टी जनजातीय नेता को प्रदेश अध्यक्ष बनाने पर विचार कर रही है क्योंकि वर्तमान में कोई आदिवासी प्रतिनिधित्व नहीं है।



राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए जिन दिग्गज नेताओं के नाम चर्चा में हैं, उनमें धर्मेंद्र प्रधान (केंद्रीय मंत्री), शिवराज सिंह चौहान (कैबिनेट मंत्री), मनोहर लाल खट्टर (कैबिनेट मंत्री) जैसे दिग्गज शामिल हैं। इनमें से कुछ नाम संगठनात्मक अनुभव के आधार पर मजबूत माने जा रहे हैं, तो कुछ नाम राजनीतिक प्रतिनिधित्व और सामाजिक संतुलन को ध्यान में रखकर सामने आए हैं। संगठनात्मक पुनर्गठन की कवायद अब जोर पकड़ रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा वर्तमान में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, जिनका कार्यकाल पहले ही लोकसभा चुनाव तक बढ़ाया जा चुका है। नड्डा जनवरी 2020 में अध्यक्ष बने थे और 2023 में उनका कार्यकाल 2024 के आम चुनाव तक बढ़ाया गया था। अब जबकि लोकसभा चुनाव संपन्न हो चुके हैं, पार्टी नेतृत्व में बदलाव को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। जून के दूसरे सप्ताह में अधिसूचना

सूत्रों के अनुसार, बीजेपी जून के दूसरे सप्ताह में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव की अधिसूचना जारी कर सकती है। इसके तहत सबसे पहले राज्य स्तर पर संगठनात्मक चुनाव कराए जाएंगे और उसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर अध्यक्ष का चुनाव होगा। यह पूरी प्रक्रिया पार्टी के संविधान के अनुसार होगी, जिसमें नामांकन, छंटनी और मतदान जैसे चरण शामिल होंगे। चुनाव की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए एक केंद्रीय चुनाव समिति गठित की जाएगी, जो इस प्रक्रिया की निगरानी करेगी। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि जे. पी. नड्डा दोबारा चुनाव लड़ेंगे या कोई नया चेहरा सामने आएगा, लेकिन पार्टी के भीतर और बाहर दोनों ही स्तर पर उत्सुकता चरम पर है। बीजेपी का नया अध्यक्ष 2026 के विधानसभा चुनावों और 2029 के आम चुनावों के लिए रणनीति बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। ऐसे में यह चुनाव सिर्फ संगठनात्मक परिवर्तन नहीं बल्कि पार्टी की भविष्य की दिशा और प्राथमिकताओं को भी तय करेगा। विपक्ष की भी नजर इस चुनाव पर बीजेपी के नए अध्यक्ष के चुनाव पर सिर्फ पार्टी कार्यकर्ता ही नहीं, बल्कि अन्य राजनीतिक दलों की भी पैनी नजर बनी हुई है, क्योंकि इससे पार्टी की नीतियों, संगठनात्मक प्राथमिकताओं और रणनीतियों पर बड़ा असर पड़ेगा। यह चुनाव पार्टी के राजनीतिक भविष्य का रोडमैप तैयार करेगा।

## जेल से छूटते ही निकाला जुलूस, नारेबाजी के बीच रील भी बनाई, पुलिस ने फिर किया गिरफ्तार

**वाराणसी, एजेंसी।** यूपी के वाराणसी में लूट, मारपीट, दलित उत्पीड़न और धमकी के केस में जमानत पर छूटे आरोपी आबिद शेख ने शुक्रवार रात तेलियाबाग क्षेत्र में जुलूस निकाला था। बिना अनुमति जुलूस और नारेबाजी और ट्रैफिक बाधित करने के आरोप में चेतगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आबिद शेख समेत अरमान और जावेद अहमद को गिरफ्तार कर लिया है। जुलूस में शामिल युवकों की पहचान की जा रही है। राजातालाब थाना क्षेत्र के रानीपुर निवासी आबिद शेख तेलियाबाग के रनिया महाल में भी आवास है। बीते 15 दिसंबर को रनिया महाल निवासी आशीष कन्नौजिया ने चेतगंज थाने में मारपीट, लूटपाट, धमकी और दलित उत्पीड़न के आरोप में आबिद शेख के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इसी मामले में पुलिस ने बीते 29 मई को आबिदको गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जमानत मिलने पर आबिद को शुक्रवार को जिला जेल से रिहा किया गया। इस दौरान आबिद शेख खुली कार में जुलूस निकाला। अंधरापुल से होते हुए जुलूस तेलियाबाग तक पहुंचा था, जिससे जाम की स्थिति बन गई थी। जुलूस में आबिद शेख कार पर खड़ा था, उसके साथ समर्थक भी खड़े थे। साथ में बाइक से समर्थक नारेबाजी करते चल रहे थे। जिससे यातायात प्रभावित हुआ। जुलूस के लिए प्रशासन से कोई अनुमति नहीं ली गई थी। डीसीपी काशी जोन गौरव बंसवाल ने बताया कि बिना अनुमति जुलूस तथा यातायात व्यवस्था बाधित करने के आरोप में छावनी क्षेत्र निवासी राष्ट्रवादी हिंदू शक्ति वाहनी के अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता की तहरीर पर कार्रवाई हुई। सोशल मीडिया पर चर्चा रही कि वीडियो में पाकिस्तान समर्थित नारेबाजी की गई। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने इससे इनकार किया। एसीपी चेतगंज गौरव कुमार ने बताया बेल पर छूटने के बाद आबिद शेख ने आशीष कन्नौजिया को केस वापस लेने को कहा। केस वापस नहीं लेने पर जातिसूचक शब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। आशीष की तहरीर पर आबिद पर दलित उत्पीड़न, धमकी देने का केस दर्ज हुआ। आबिद को जमानत मिलने पर जिला जेल पर कांग्रेस और सपा के स्थानीय नेता पहुंचे थे। हालांकि जुलूस के बाबत बात करने पर बताया कि वे जुलूस में शामिल नहीं थे।

## महाराष्ट्र के मतदान केंद्रों से सभी सीसीटीवी फुटेज जारी करें, चुनाव आयोग से राहुल गांधी की मांग

**मुंबई, एजेंसी।** कांग्रेस लीडर और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में धांधली के आरोप लगाए। निर्वाचन आयोग ने इसे पूरी तरह से खारिज कर दिया। सूत्रों ने शनिवार को कहा कि मतदाताओं से अनुकूल चुनाव नतीजे नहीं मिलने के बाद इलेक्शन कमीशन को बदनाम करना पूरी तरह बेतुका काम है। अब राहुल गांधी ने इसका जवाब दिया है और कुछ सवाल भी खड़े किए हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने एक्स पर कहा, प्रिय निर्वाचन आयोग, आप एक संवैधानिक संस्था हैं। गंभीर सवालों के जवाब में बिना हस्ताक्षर के अस्पष्ट नोट्स जारी करना उचित तरीका नहीं है। अगर आपके पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है, तो मेरे लेख में उठाए गए सवालों के जवाब दें और इसे साबित करें।

राहुल गांधी ने कहा कि हाल के लोकसभा और सभी राज्यों (विशेष रूप से महाराष्ट्र) के विधानसभा चुनावों के लिए डिजिटल, मशीन से पढ़ने लायक मतदाता सूची प्रकाशित करें। साथ ही, महाराष्ट्र के मतदान केंद्रों से शाम 5 बजे के बाद की सभी सीसीटीवी फुटेज जारी किए जाएं। उन्होंने कहा कि टालमटोल आपके विश्वसनीयता की रक्षा नहीं करेगा। सत्य बोलना ही इसे बचाएगा।

# मणिपुर के पांच जिलों में इंटरनेट सेवाएं निलंबित, 'अरम्बाई टेंगोल' नेता की गिरफ्तारी के बाद विरोध प्रदर्शन

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में मैतेई कट्टरपंथी संगठन 'अरम्बाई टेंगोल' के नेता की कथित गिरफ्तारी के बाद इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम जिलों में व्यापक विरोध प्रदर्शन के बाद घाटी के पांच जिलों के क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र में इंटरनेट और मोबाइल डेटा सेवाओं को पांच दिनों के लिए निलंबित कर दिया है।

मणिपुर के आयुक्त-सह-सचिव (गृह) एन. अशोक कुमार ने शनिवार देर रात जारी एक आदेश में कहा, मणिपुर राज्य में विशेष रूप से इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों में मौजूदा कानून और व्यवस्था की स्थिति के मद्देनजर, यह आशंका है कि कुछ असामाजिक तत्व जनता की भावनाओं को भड़काने वाले चित्र, अभद्र भाषा और घृणास्पद वीडियो संदेशों के प्रसारण के लिए सोशल मीडिया का बड़े पैमाने पर उपयोग कर सकते हैं, जिससे मणिपुर राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर असर पड़ सकता है। आदेश में कहा गया है, सोशल मीडिया/मोबाइल सेवाओं, एसएमएस सेवाओं और डोंगल सेवाओं पर संदेश सेवाओं के माध्यम से जनता तक प्रसारित/प्रसारित की जाने वाली भड़काऊ सामग्री और झूठी अफवाहों के परिणामस्वरूप सार्वजनिक,निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचने और जानमाल की हानि होने तथा सार्वजनिक शांति और सांप्रदायिक सद्भाव में व्यापक गड़बड़ी होने का खतरा है। इसमें



कहा गया है कि वीसैट और वीपीएन सेवाओं सहित इंटरनेट और मोबाइल डेटा सेवाएं शनिवार मध्यरात्रि से पांच दिनों के लिए इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों के क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र में निलंबित कर दी गई हैं। इंटरनेट और मोबाइल डेटा सेवाओं का निलंबन उन मामलों के लिए प्रभावी नहीं होगा, जहां राज्य सरकार छूट देती है और श्वेत सूचीबद्ध की अनुमति देती है। आदेश में कहा गया है कि आपातकालीन स्थिति को देखते हुए यह आदेश एकपक्षीय रूप से पारित किया जा रहा है, साथ ही कहा गया है कि उपरोक्त आदेशों के उल्लंघन के लिए दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले शनिवार रात को, मैतेई कट्टरपंथी संगठन अरम्बाई तेंगोल के एक नेता की कथित गिरफ्तारी के बाद इम्फाल के कुछ हिस्सों में विरोध प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने नेता की तत्काल रिहाई की मांग करते हुए इंफाल पश्चिम जिले के क्वाकेथेल और उरीपोक में एक महत्वपूर्ण सड़क के बीच विरोध प्रदर्शन के दौरान टायर और पुराने फर्नीचर जलाए। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम दोनों जिलों में वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है।

# डॉक्टर पर भड़के गोवा के स्वास्थ्य मंत्री, वीडियो वायरल; कांग्रेस ने उठाया सवाल

**पणजी, एजेंसी।** गोवा के स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें विश्वजीत राणे गुस्सा होते हुए और गोवा मेडिकल कॉलेज (जीएमसीएच) के एक सीनियर डॉक्टर को सस्पेंड करने का ऑर्डर देते हुए नजर आ रहे हैं। यह घटना उस वक्त हुई जब स्वास्थ्य मंत्री जीएमसीएच का औचक निरीक्षण करने पहुंचे थे। कांग्रेस ने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। बताया जाता है कि मंत्री से किसी ने फोन पर शिकायत की थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि उक्त डॉक्टर एक मरीज का इलाज करने से मना कर रहा है। इसके अलावा डॉक्टर द्वारा गलत व्यवहार की भी शिकायत थी।

शिकायत मिलने के बाद स्वास्थ्य मंत्री राणे, मेडिकल सुप्रीटेंडेंट डॉक्टर राजेश पाटिल के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचे। कैजुअल्टी वार्ड में उनका डॉक्टर से आमना-सामना हुआ। बाद में इस डॉक्टर की पहचान अस्पताल के चीफ मेडिकल ऑफिसर के तौर पर हुई। वीडियो में राणे उनसे कह रहे हैं कि आप एक डॉक्टर हैं।



आपको अपनी जबान पर नियंत्रण रखना चाहिए। वह आगे कहते हैं कि मैं आमतौर पर गुस्सा नहीं होता। लेकिन आपको अपना व्यवहार ठीक करना चाहिए। मरीजों के साथ आपका रवैया अच्छा होना चाहिए। इसके बाद राणे डॉक्टर पाटिल से बात करते दिखाई दे रहे हैं। राणे डॉक्टर पाटिल को निर्देश देते हैं कि इनकी जगह दूसरा सीएमओ लाइए। मैं इनकी सस्पेंशन फाइल पर दस्तखत करूंगा। मैं इन्हें तत्काल सस्पेंड करता हूं। मैं आमतौर पर ऐसा व्यवहार नहीं करता, लेकिन इस मामले में कुछ भी बर्दाश्त नहीं करूंगा। राणे ने डॉक्टर को याद दिलाया कि उनका काम गरीबों की मदद करना है। बता दें कि जीएमसीएच गोवा का सबसे बड़ा सरकारी मेडिकल संस्थान है। यहां पर महाराष्ट्र और कर्नाटक तक से मरीज इलाज कराने के लिए आते हैं। उधर इस वीडियो को लेकर विपक्ष ने आलोचना शुरू कर दी है। गोवा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने इसे गुस्से और अधिकार का अपमानजनक प्रदर्शन बताया है। एक बयान में कमेटी के अध्यक्ष अमित पाटकर ने राणे के स्वास्थ्य पर भी सवाल उठाया।

## असम से बाहर निकाले जाएंगे बांग्लादेशी, सरमा बोले- अब 1950 में बने कानून का होगा इस्तेमाल

**गुवाहटी, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को एक बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि राज्य में अब अवैध प्रवासियों की पहचान कर बाहर निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के निष्कासन के लिए विदेशी न्यायाधिकरणों पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं होगी। इसके बजाय, सरकार अब सीधे 1950 के 'अप्रवासी (असम से निष्कासन) आदेश'का उपयोग करेगी, जो अभी भी कानूनी रूप से मान्य है। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने क्लॉज 6ए पर संविधान पीठ की सुनवाई के दौरान स्पष्ट किया है कि हर मामले में न्यायिक प्रक्रिया की जरूरत नहीं है। असम में प्रवासियों को सीधे निष्कासित करने के लिए पहले से ही एक वैध कानून मौजूद है। हम पहले इस कानून के प्रभाव को नहीं समझ सके क्योंकि हमारे वकीलों ने इस पर ध्यान नहीं दिया था। जिलाधिकारियों को सीधे कार्रवाई का अधिकार 1950 के इस आदेश के तहत जिलाधिकारी को सीधे आदेश जारी कर प्रवासियों को निष्कासित करने का अधिकार प्राप्त है। मुख्यमंत्री के अनुसार, जहां कोई मामला अदालत में लंबित नहीं है, वहां अब तुरंत कार्रवाई होगी। सरमा ने कहा, जिन मामलों में न्यायिक प्रक्रिया नहीं चल रही है, वहां अब हम सीधे निष्कासन की प्रक्रिया अपनाएंगे। जरूरत पड़ी तो बार-बार निष्कासन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने



यह भी स्वीकार किया कि एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर) प्रक्रिया और विदेशी ट्रिब्यूनल की प्रणाली ने राज्य सरकार की कार्रवाई को धीमा किया है। लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी और पुराने कानून की पुनः खोज से राज्य सरकार को नया रास्ता मिला है। असम में फिलहाल 100 विदेशी न्यायाधिकरण संचालित हो रहे हैं, जो 2005 से कार्यरत हैं। ये ट्रिब्यूनल असम पुलिस की बॉर्डर विंग द्वारा चिह्नित संदिग्ध नागरिकों की नागरिकता की जांच करते हैं, जिनमें से अधिकांश को बांग्लादेशी नागरिक माना जाता है। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि यह नई प्रक्रिया उन मामलों पर लागू नहीं होगी जो पहले से न्यायिक प्रक्रिया में हैं, बल्कि केवल उन्हीं मामलों पर जहां कोई अदालती कार्यवाही नहीं हो रही।

# अगले महीने से चलेगी स्लीपर वंदे भारत; साल के अंत तक 30 ट्रेनों को चलाने की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेल में ट्रेनों के सफर का अनुभव बदलने जा रहा है। रेल यात्री जल्द ही विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस सेमी हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन (स्लीपर) में सफर का आनंद उठा सकेंगे। चालू वित्तीय वर्ष में सरकार ने 30 वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को चलाने का लक्ष्य रखा है। पहली ट्रेन जुलाई के अंत तक पटरियों पर दौड़ने लगेगी। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का स्पीड ट्रॉयल पूरा हो चुका है। अनुसंधान डिजाइन एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) लखनऊ ने ट्रेन की तकनीक व स्पीड संबंधी जांच पूरी कर ली है। रेलवे बोर्ड पहले वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का रेलमार्ग व किराया तय कर रहा है।

इसके बाद अगले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ट्रेन को हरी झंडी दिखा सकते हैं। अधिकारी ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 30 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों को चलाया जाएगा। इसमें सरकार के सार्वजनिक उपक्रम (पीएसयू) भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) बंगलुरु में 10 वंदे भारत स्लीपर ट्रेन बनकर तैयार है। पहली ट्रेन को हरी झंडी मिलने के बाद अन्य ट्रेनों को चरणबद्ध तरीके से पटरी पर उतारा जाएगा। उन्होंने बताया कि इंटीग्रल कोच फैक्टरी (आईसीएफ) चेन्नई में



आठ से 10 वंदे भारत का निर्माण हो रहा है। बीईएमएल व आईसीएफ संयुक्त रूप से उक्त ट्रेन के कोच को बना रहे हैं। अगली पीढ़ी की वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की डिजाइन 160 से 240 किलोमीटर प्रतिघंटा की जा रही है। वर्तमान में राजधानी, शताब्दी सहित वंदे भारत (चेयरकार) अधिकतम 130 किमी प्रतिघंटा की गति से दौड़ रही है। भावी पीढ़ी की अत्याधुनिक सुविधाओं और उन्नत तकनीक के साथ वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को जल्द ही 160 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से चलाने की योजना है। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से इनकी रफ्तार बढ़ाई जाएगी। इस रफ्तार के साथ वंदे भारत ट्रेन को प्रमुख रूप से दिल्ली-हावड़ा व दिल्ली-मुंबई रेलमार्गों पर चलाया जाएगा। विदित हो कि उक्त रेलमर्गों को हाई स्पीड बनाने के लिए टक्कररोधी तकनीक कवच लगाने व अन्य सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक अनौपचारिक मुलाकात में इस बात की ओर इशारा किया था कि भविष्य में विदेशी बुलेट ट्रेनों के बजाए वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों को हाई स्पीड पर चलाया जाएगा। उनका तर्क है कि विश्व मानक के अनुसार 240 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार को हाई स्पीड माना गया है।

# भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह ने सांसद प्रिया सरोज से की सगाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह ने रविवार 8 जून को लखनऊ में समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज से सगाई कर ली। उनकी शादी इस साल 18 नवंबर को होने वाली है। प्रिया के पिता तूफानी सरोज ने कहा कि सगाई समारोह एक निजी कार्यक्रम था, जिसमें करीबी परिवार के सदस्य, दोस्त और रिश्तेदार शामिल हुए थे। 27 वर्षीय रिंकू ने पिछले कुछ सालों में भारत के लिए 2 वनडे और 33 टी20 मैच खेले हैं और वह आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स की एक महत्वपूर्ण सदस्य हैं। 26 वर्षीय प्रिया जौनपुर के मछलीशहर निर्वाचन क्षेत्र से पहली बार सांसद बनी हैं। दुल्हन के पिता ने कहा, रिंकू और प्रिया एक-दूसरे को काफी समय से जानते हैं। उनकी मुलाकात प्रिया के दोस्त के पिता के जरिए हुई, जो खुद एक क्रिकेटर हैं। दोनों परिवारों के आशीर्वाद से उन्होंने शादी करने का फैसला किया।



### प्रीति जिंटा के सामने किया खुलासा

# 20 करोड़ मिलते ही श्रेयस अय्यर वॉशरूम में भागे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाब किंग्स को 2014 के बाद पहली बार आईपीएल के फाइनल पहुंचाने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर ने एक बड़ा खुलासा करके सबको चौंका दिया है. उन्होंने पंजाब की को-ओनर प्रीति जिंटा के सामने इस बात का खुलासा किया कि इस सीजन की नीलामी के दौरान जब उन्हें 20 करोड़ रुपये से ऊपर रकम मिलने की जानकारी मिली तो वो सीधे वॉशरूम की ओर भाग गए थे. श्रेयस अय्यर को इस सीजन में पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा था.

श्रेयस ने आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन किया और टीम को खिताबी मुकाबले तक ले गए, जहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगुलरु ने पंजाब को 6 रन से हराकर पहली बार आईपीएल ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया था. पिछले सीजन में श्रेयस अय्यर की कप्तानी में कोलकाता नाइट राइडर्स ने खिताब जीता था. इसके बावजूद केकेआर ने उन्हें रिलीज कर दिया था. आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में वो 2 करोड़ रुपये की बेस प्राइस पर उतरे थे, लेकिन पंजाब किंग्स ने उन्हें 26.75 करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल कर लिया था. वो ऋषभ पंत के बाद ढ्क्क के दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी हैं. श्रेयस अय्यर ने प्रीति जिंटा को दिए एक इंटरव्यू में कहा, आईपीएल 2025 के मेगा नीलामी के दौरान जब मेरी बोली 20 करोड़ के पार पहुंची तो मुझे घबराहट होने लगी और मैं वॉशरूम में चला गया था. श्रेयस अय्यर को अपनी टीम में शामिल करने के लिए दिल्ली कैपिटल्स (छ्ष्ट) और पंजाब किंग्स में होड़ लगी हुई थी. शुरू में इसमें कोलकाता नाइट राइडर्स भी शामिल हुआ था, लेकिन 10 करोड़ की बोली लगाने के बाद वो पीछे हट गया, पर पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स में बोली जारी रही. दिल्ली कैपिटल्स ने 26.50 करोड़ रुपये तक बोली लगाई, लेकिन अंत में पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ रुपये की बोली लगाकर बाजी मार ली और श्रेयस अय्यर को अपनी टीम में शामिल कर लिया.

### आईपीएल में किया शानदार प्रदर्शन

पंजाब के कप्तान बनने के बाद श्रेयस अय्यर टीम को एक नई ऊंचाई तक ले गए. उन्होंने टीम को फाइनल तक पहुंचाया. हालांकि फाइनल में पंजाब भले ही हार गई, लेकिन उसने इस सीजन में शानदार प्रदर्शन करके सभी आलोचकों का मुंह बंद कर दिया. इसके अलावा श्रेयस अय्यर ने बल्ले से भी शानदार प्रदर्शन किया. उन्होंने इस सीजन में 16 मैचों में 50.33 की औसत से 604 रन बनाए हैं. इसमें 6 अर्धशतक शामिल हैं.

### फ्रेंच ओपन

# कोको गॉफ ने जीता फ्रेंच ओपन



## सबालेंका को हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड नंबर-2 कोको गॉफ ने फ्रेंच ओपन जीत लिया है। 21 साल की अमेरिकन स्टार ने शनिवार को विमेंस सिंगल्स के फाइनल मुकाबले में दुनिया की नंबर-1 टेनिस स्टार आर्यना सबालेंका को 6-7, 6-2, 6-4 से हराया। दो घंटा 38 मिनट चले मुकाबले में सबालेंका ने पहला सेट 7-6 से जीत लिया था। गॉफ ने करियर का दूसरा ग्रैंड स्लैम जीता है। वे 2023 में यूएस ओपन चैंपियन बनी थी। इस टूर्नामेंट में 10 साल बाद अमेरिका की खिलाड़ी चैंपियन बनी हैं। गॉफ से पहले यहां सेरेना विलियम्स 2015 में चैंपियन बनी थी। पेरिस के फिलिप-चेट्रीर कोर्ट में गॉफ ने पहला सेट 7-6 से गंवाया। फिर अगले दो सेट 6-2, 6-4 से जीतते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। पुरुष वर्ग में सर्बिया के नोवाक जोकोविच सेमीफाइनल मैच हार गए। हार के बाद जोकोविच ने कहा- शायद यह मेरा आखिरी मैच था। मुझे नहीं पता, इसलिए मैं आखिर में थोड़ा अधिक भावुक हूं। अगर यह फ्रेंच ओपन में मेरे करियर का आखिरी मैच था तो दर्शकों ने जिस तरह से मेरा समर्थन किया उसे देखते हुए यह अद्भुत था। जोकोविच अगले साल फ्रेंच ओपन तक 39 वर्ष के हो जाएंगे।

# तय कार्यक्रम के अनुसार भारत आएंगे लियोनल मेसी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने उन खबरों को खारिज कर दिया जिसमें बताया जा रहा था कि अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम ने केरल का अपना निर्धारित कर दिया है। अब्दुरहीमान ने स्पष्ट किया कि लियोनल मेसी और उनकी टीम तय कार्यक्रम के अनुसार केरल आएगी। उन्होंने बताया कि प्रायोजक ने इस आयोजन के लिए मैच फीस का भुगतान कर दिया है।

**अक्तूबर-नवंबर में आ सकती है टीम**

अब्दुरहीमान ने कहा कि अर्जेंटीना की टीम के इस साल अक्तूबर-नवंबर में आने की अधिक संभावना है। इस दौरे के दौरान टीम को सरकारी मेहमान की सुविधाएं मिलेंगी। सरकार उनकी सुरक्षा, आवास और अन्य सुविधाओं का खर्च भी उठाएगी। मीडिया के एक वर्ग में ऐसी खबरें थी कि अर्जेंटीना की टीम ने केरल का अपना निर्धारित दौरा रद्द कर दिया है क्योंकि प्रायोजकों ने अनुबंध के नियमों का उल्लंघन किया है। खेल मंत्री ने हालांकि राज्य में फुटबॉल के प्रशंसकों की उम्मीदों को बनाए रखने की कोशिश की है।

**मंत्री ने प्रायोजक को दिया धन्यवाद**

अब्दुरहीमान और प्रायोजक दोनों ने इन रिपोर्टों को दृढ़ता से खारिज कर दिया था और दोहराया था कि विश्व चैंपियन खिलाड़ी केरल में मैत्री मैच का हिस्सा होगा। मंत्री ने फेसबुक पर एक संक्षिप्त पोस्ट लिखकर कहा कि मेसी आएंगे। इससे यह मुद्दा फिर से चर्चा में आ गया। उन्होंने इस पोस्ट में प्रायोजक को भी धन्यवाद दिया।

### डब्ल्यूटीसी फाइनलः

# टॉम मूडी ने बताया ऑस्ट्रेलिया-दक्षिण अफ्रीका में कौन बन सकता है विजेता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच 11 जून से लॉर्ड्स में ऐतिहासिक डब्ल्यूटीसी के फाइनल की शुरुआत होगी। दोनों देश लॉर्ड्स में आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप को जीतने के लिए खेलेंगे। दक्षिण अफ्रीका दो दशकों में अपनी पहली आईसीसी ट्रॉफी जीतने का इरादा लेकर फाइनल में उतरने जा रही है। ऑस्ट्रेलिया ने जून 2023 में ओवल में खेले गए डब्ल्यूटीसी फाइनल के पिछले एडिशन में भारत को शिकस्त दी थी। इस बार ऑस्ट्रेलियाई खेमा गदा अपने पास ही बरकरार रखना चाहेगा। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी का मानना है कि आईसीसी इवेंट्स में ऑस्ट्रेलिया अपने खेल को एक अलग ही लेवल पर लेकर जाता है। उनका मानना है कि ऑस्ट्रेलिया वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में अपनी बढ़त बनाए रखेगा। टॉम मूडी ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, ÷ऑस्ट्रेलिया ने प्रमुख टूर्नामेंट्स में लगातार सफलता के साथ अपनी प्रतिष्ठा बनाई है। जब आईसीसी इवेंट्स की बात आती है, तो ऑस्ट्रेलिया एक टीम के रूप में अपने खेल को दूसरे लेवल पर ले जाती है। वह सच में टूर्नामेंट की चुनौतियों को स्वीकारते हैं और दबाव वाले मुकाबलों में निखरते हैं। यह आत्मविश्वास है। ऐतिहासिक रूप से उनके कई खिलाड़ियों ने कई आईसीसी टूर्नामेंट जीते हैं। वह अपनी पिछली पीढ़ियों को सफलता हासिल करते देखते बड़े हुए हैं। जीतने की मानसिकता उनमें समाई हुई है। पिछले दो सालों में प्रोटियाज ने आईसीसी इवेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। दक्षिण अफ्रीका पुरुष विश्व कप सेमीफाइनल, चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल, पुरुष टी20 विश्व कप फाइनल और अब डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचा है। मूडी का मानना ??है कि ऑस्ट्रेलिया को दक्षिण अफ्रीका की तुलना में थोड़ा ज्यादा फायदा है, क्योंकि उन्हें इस तरह के उच्च दबाव वाले हालात का ज्यादा अनुभव है।

### वर्ल्ड कप से ठीक पहले लिया चौंकाने वाला फैसला

# इंग्लैंड की दिग्गज क्रिकेटर ने अचानक छोड़ा क्रिकेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला टीम के खिलाफ घरेलू सीरीज से ठीक पहले इंग्लैंड की स्टार स्पिनर ने क्रिकेट से ब्रेक ले लिया है. महिला प्रीमियर लीग 2025 में यूपी वारियर्स की ओर से खेलने वाली ये खिलाड़ी कब तक ब्रेक पर रहेंगी, इसका खुलासा नहीं हो पाया है, लेकिन इसी साल सितंबर में होने वाली महिला वनडे वर्ल्ड कप से पहले उनका ब्रेक पर जाना इंग्लैंड के लिए बड़ा झटका है.



ये खिलाड़ी इंग्लैंड की ओर से क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में खेलती हैं और वो 177 मैचों में 297 विकेट चटका चुकी हैं. उनके न खेलने की वजह से इंग्लैंड की गेंदबाजी कमजोर दिखाई दे रही है. इसके अलावा इंग्लैंड को इसी महीने से भारत से टी20 और वनडे सीरीज खेलनी है. 6 साल की सोफी एक्लेस्टनने क्रिकेट से ब्रेक लेने का फैसला क्यों किया है? इस मामले से इंग्लैंड के हेड कोच छार्लेट एडवर्ड्स ने पर्दा उठाया है. रिपोर्ट्स के मुताबिक एडवर्ड्स ने बताया कि सोफी फिलहाल क्वाड्स यानी की जांघ की मसल की चोट से जूझ रही हैं. इसकी वजह से उन्होंने क्रिकेट से ब्रेक लेने का फैसला किया है. वनडे की नंबर-एक इस गेंदबाज को वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के दौरान भी ब्रेक पर रखा गया गया था. उस दौरान सोफी घुटने की चोट से रिकवरी कर रही थीं.

### 28 जून से टी20 सीरीज खेलेगी भारतीय टीम

रिपोर्ट्स के मुताबिक इंग्लैड के कोच ने बताया कि सोफी पिछले कुछ समय से चोट से परेशान हैं. इसी वजह से उन्होंने क्रिकेट से ब्रेक लिया है. वो कितने समय तक ब्रेक पर रहेंगी इसका खुलासा नहीं हो पाया है. लेकिन पूरी टीम उनके फैसले के साथ है. एडवर्ड्स ने कहा कि हम चाहते हैं कि वो भारत के खिलाफ होने वाली सीरीज से पहले फिट हो जाएं, लेकिन इसका फैसला सोफी ही लेंगी. भारतीय महिला टीम 28 जून से इंग्लैंड में टी20 और वनडे मैचों की सीरीज खेलेगी. भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टी20 मैच और तीन वनडे मैच होंगे. इसके अलावा सितंबर से महिला वनडे वर्ल्ड कप शुरू होने वाला है. इसको लेकर सभी टीमें तैयारियों में जुट गई हैं.

### ये है भारत का कार्यक्रम

पहला टी20 मैचः 28 जून को नॉटिंघम में दूसरी टी20 मैचः 1 जुलाई को ब्रिस्टल में तीसरा टी20 मैचः 4 जुलाई को द ओवल में चौथा टी20 मैचः 9 जुलाई को मैनचेस्टर में पांचवां टी20 मैचः 12 जुलाई को बर्मिंघम में पहला वनडे मैचः16 जुलाई को साउथेम्प्टन में दूसरा वनडे मैचः 19 जुलाई को लॉर्ड्स में तीसरा वनडे मैचः 22 जुलाई को चेस्टर-ले-स्ट्रीट में

# नीदरलैंड के खिलाफ वापसी करने के लिए उतरेगी भारतीय पुरुष हॉकी टीम



**एम्सटलवीन, एजेंसी।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में नीदरलैंड के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में पहले मैच में मिली हार से उबरकर जीत दर्ज करने की कोशिश करेगी। भारत ने शनिवार को पहले मैच में एक गोल की बढ़त गंवा दी और उसे ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम ने पहले हाफ के शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया और कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिला दी। नीदरलैंड ने हालांकि शानदार वापसी की तथा थिज वान डैम के दो गोल की मदद से जीत हासिल की। डैम के गोल में 58वें मिनट में किया गया विजयी गोल भी शामिल था। प्रतियोगिता में अभी सात मैच और खेले जाने बाकी हैं और भारत फिलहाल 15 अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने मैच के बाद कहा, 'हमने पहले हाफ में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन तीसरा क्वार्टर उतना अच्छा नहीं रहा। चौथे क्वार्टर में हमने फिर से अच्छा प्रदर्शन किया और गेंद पर कब्जा करने में सफल रहे, लेकिन हम गोल पर कोई शॉट नहीं लगा पा रहे थे। उन्होंने कहा, 'इस तरह से हारना दुर्भाग्यपूर्ण था, क्योंकि मुझे लगा था कि हम ड्रॉ के लिए प्रयास कर सकते हैं। हम विशेष कर नीदरलैंड जैसी टीम के खिलाफ जितना हो सके उतना अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। अगले वर्ष होने वाले विश्व कप में स्थान पक्का करने के लिए भारत का लक्ष्य शेष मैचों में अच्छा प्रदर्शन करना तथा अपने मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अधिकतम अंक हासिल करना होगा।

### आईपीएल तो खत्म हो गया...

# अब मैदान पर कब दिखेंगे विराट कोहली?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को 6 रनों से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग 2025 अपने नाम कर लिया था. रजत पाटीदार की अगुवाई में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु जहां पहली बार आईपीएल चैम्पियन बनी, वहीं श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब किंग्स की पहली खिताबी जीत का इंतजार कायम रहा. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत में पूर्व कप्तान विराट कोहली की अहम भूमिका रही थी, जिन्होंने 15 मैचों में 54.75 की औसत से 657 रन बनाए.

अब कोहली कब दिखेंगे मैदान पर?

आईपीएल 2025 की समाप्ति के बाद भारतीय फैन्स की निगाहें टीम इंडिया के इंग्लैंड दौरे पर रहने वाली हैं. इंग्लैंड दौरे पर भारत को मेजबान टीम के खिलाफ 20 जून से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है. इस टेस्ट सीरीज का पार्ट विराट कोहली नहीं रहने वाले हैं क्योंकि उन्होंने पिछले महीने (12 मई) टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया था. कोहली टी20 इंटरनेशनल से पहले ही संन्यास ले चुके थे, ऐसे में वो अब केवल वनडे इंटरनेशनल में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते नजर आने वाले हैं. यानी विराट कोहली अब अगस्त के महीने में मैदान पर दिखाई दे सकते हैं. बता दें कि भारतीय टीम का इंग्लैंड दौरा 4 अगस्त को समाप्त होना है. फिर भारतीय टीम को बांग्लादेश दौरे पर जाना है, जहां उसे तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलने हैं. इस बात की पूरी संभावना है कि बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में विराट कोहली खेलेंगे. कोहली के अलावा रोहित शर्मा भी उस वनडे सीरीज का पार्ट रहेंगे और टीम की कप्तानी भी करेंगे. भारत और बांग्लादेश के बीच वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 17 अगस्त को होगा. यानी कोहली उस मुकाबले के जरिए एक्शन में दिखेंगे.

फिर 20 अगस्त और 23 अगस्त को बाकी के दो वनडे मुकाबले होंगे. इसके बाद 26 अगस्त, 29 अगस्त और 31 अगस्त को टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले जाएंगे. भारत-बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय सीरीज दोनों दक्षिण एशियाई पड़ोसियों के बीच बढ़ती क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता को और मजबूत करेगी.



### भारत- बांग्लादेश शेड्यूल

- पहला वनडे- 17 अगस्त (रविवार), मीरपुर
- दूसरा वनडे- 20 अगस्त (बुधवार), मीरपुर
- तीसरा वनडे-23 अगस्त (शनिवार), चटगांव
- पहला टी20- 26 अगस्त (मंगलवार), चटगांव
- दूसरा टी20- 29 अगस्त (शुक्रवार), मीरपुर
- तीसरा टी20- 31 अगस्त (रविवार), मीरपुर

### कोहली का अब पूरा फोकस वनडे क्रिकेट पर

विराट कोहली टी20 और टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट बाद अपना पूरा फोकस वनडे क्रिकेट पर लगाने जा रहे हैं. कहा जा रहा है कोहली का अंतिम लक्ष्य वनडे वर्ल्ड कप 2027 है, जहां वो खिताबी जीत के साथ इंटरनेशनल क्रिकेट से विदाई लेना चाहेंगे. 2027 का ओडीआई वर्ल्ड कप साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में अक्टूबर-नवंबर के महीने होना है. यानी उस वर्ल्ड कप में अब भी दो साल से ज्यादा का समय बचा हुआ है. भारतीय टीम को वर्ल्ड कप 2027 की तैयारी के लिए कम से कम 27 वनडे मुकाबले मिलने जा रहे हैं. यानी विराट कोहली के पास वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिए ये एक बड़ा प्लेटफॉर्म होगा. मौजूदा शेड्यूल के मुताबिक ओडीआई वर्ल्ड कप 2027 से पहले भारतीय टीम आठ अलग-अलग देशों के खिलाफ वनडे सीरीज खेलेगी. इस दौरान न्यूजीलैंड एकमात्र ऐसी टीम रहेगी, जिसके खिलाफ टीम इंडिया दो बार वनडे सीरीज खेलने उतरेगी.

# पन्ना के ऐतिहासिक तालाबों को नहीं मिला जल गंगा संवर्धन अभियान का लाभ

## जिम्मेदारों की उदासीनता से अतिक्रमण व प्रदूषण की चपेट में ऐतिहासिक तालाब



**पन्ना।** मध्य प्रदेश सरकार के मुखिया डॉ मोहन यादव के निर्देश पर संपूर्ण मध्य प्रदेश के तालाब कुआं बावड़ी आदि जल संरचनाओं के स्वच्छता एवं जीर्णोद्धार का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। लेकिन पन्ना नगर के ऐतिहासिक तालाबों तक यह अभियान नहीं पहुंच पाया है। बता दें कि पन्ना नगर में दर्जन भर से अधिक विशालकाय ऐतिहासिक तालाब स्थित है जिनका निर्माण तत्कालीन राजा महाराजाओं के द्वारा करवाया गया था। वर्तमान में नृपत सागर, लोकपाल सागर और धरम सागर तालाब का पानी पन्ना नगर में पीने के लिए सप्लाई किया जाता है इसके अलावा बेनी सागर, मठया तालाब, दहलान ताल, महाराज सागर, रम तलैया, पथरया, कमलाबाई का ताल, सुंदर जू की तलैया, दुबे ताल, मिसर तलैया सहित कई तालाब जल प्रदूषण जलकुंभी एवं अतिक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। कई बार इन तालाबों की स्वच्छता और कायाकल्प के लिए योजना तैयार हुई लेकिन काम कुछ नहीं हुआ। जल गंगा संवर्धन अभियान से इन तालाबों को नया रूप मिलने की उम्मीद थी लेकिन पन्ना जिले के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते पन्ना नगर के ऐतिहासिक तालाबों में जल गंगा संवर्धन अभियान कुछ तालाबों में केवल फोटो स्टेशन तक सीमित रहा। वर्तमान में बेनी सागर तालाब में नाला जुड़ने से 2 बस्तियों की गंदगी तालाब में समाहित हो रही है। जिससे बेनी सागर तालाब का पानी दूषित होकर जहरीला हो रहा है। जबकि बेनी सागर तालाब में स्थित क्षीरसागर में आधा दर्जन से अधिक मंदिर स्थित है जिनमें दूषित पानी से अभिषेक व पूजा हो रही है। इन मंदिरों में शनि मंदिर, दुर्गा मंदिर, श्री कृष्ण मंदिर, हनुमान मंदिर व शिव मंदिर शामिल हैं। बेनी सागर तालाब की काफी जमीन में अतिक्रमण भी बताया जा रहा है।

कुछ समय पूर्व न्यायालय के आदेश पर नगर पालिका और राजस्व विभाग की टीम के द्वारा लोकपाल सागर, नृपत सागर, बेनी सागर, धरम सागर, पथरया, मठया, महाराज सागर सहित लगभग सभी तालाबों का सीमांकन कर अतिक्रमण चिह्नित किए गए लेकिन अतिक्रमण हटाने का कार्रवाई नहीं की गई जिससे यह तालाब दिन पे दिन अपना अस्तित्व खोते जा रहे हैं।

# डाइट सभा कक्ष में दो दिवसीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न



**पन्ना।** दिनांक 5 जून एवं 6 जून को जिला शिक्षा ए प्रशिक्षण संस्थान पन्ना में पूर्व बाल्यावस्था शिक्षा एवं देखवाल का दो दिवसीय प्रशिक्षण डाइट प्राचार्य एवं डीईओ रविप्रकाश खरे, डी.पी.सी अजय कुमार गुप्ता, वरिष्ठ व्याख्याता प्रमोद खरे,डाइट प्रशिक्षण प्रभारी हरिराम माली एवं समस्त डाइट अकादमी के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। ई.सी.सी.ई का प्रशिक्षण पन्ना जिले में संचालित 43 ईसीसीई विद्यालयों के शिक्षकों को प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण डाइट ईसीसीई प्रभारी श्रीमती कविता गुप्ता एवं मास्टर ट्रेनर मयंक दुबे द्वारा सफलता पूर्व दिया गया। यह प्रशिक्षण बालविकास के पांच आयामों भाषा विकास, संज्ञानात्मक विकास, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास, स्थूल एवं सूक्ष्म मांसपेशियों का विकास तथा रचनात्मक विकास आधारित था। उक्त प्रशिक्षण सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

# राष्ट्रीय चयन स्पर्धा में अनिकेत श्रीवास्तव का चयन, मध्यप्रदेश टीम का करेंगे प्रतिनिधित्व

## 28 जून को कोच इरफान खान के साथ होंगे हैदराबाद रवाना



**पन्ना।** वुशू एसोसिएशन ऑफ इंडिया की अडहॉक कमेटी द्वारा 7 जून 2025 से 8 जून 2025 तक देवास मध्यप्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय वुशू चयन स्पर्धा में पन्ना जिले के होनहार वुशू खिलाड़ी अनिकेत श्रीवास्तव ने 60 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा किया और राष्ट्रीय टीम में चयनित हुए। इस उपलब्धि की जानकारी जिला वुशू संघ पन्ना के अध्यक्ष महेन्द्र कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि अनिकेत ने इससे पहले जबलपुर में आयोजित 24 वीं राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता 2025 में भी 60 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी काबिलियत का प्रदर्शन किया था। इसी प्रदर्शन के आधार पर उन्हें देवास में राष्ट्रीय चयन स्पर्धा में भाग लेने का अवसर मिलाए जहां उन्होंने पुन: स्वर्ण पदक जीतकर अपनी मेहनत लगन और प्रतिभा को साबित किया। अब अनिकेत श्रीवास्तव आगामी 1 जुलाई से 6 जुलाई 2025 तक हैदराबाद में आयोजित होने वाली 24वीं राष्ट्रीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता 2025 में मध्यप्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। वे अपने कोच इरफान खान के साथ 28 जून 2025 को पन्ना से भोपाल 29 जून 2025 को भोपाल से सुबह हैदराबाद के लिए रवाना होंगे। इस सफलता पर मध्यप्रदेश वुशू संघ के सचिव मनोज गुप्ता ने इसे पन्ना जिले के लिए गर्व का विषय बताया और कहा कि अनिकेत जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। वहीं मध्यप्रदेश वुशू संघ के अध्यक्ष श्री जयदीप प्रसाद (आई.पी.एस.), फिटनेस ट्रेनिंग एकेडमी पन्ना के संरक्षक नईम खान, पहलवान सिंह, जिला वुशू संघ पन्ना सचिव इरफान खान, जिला वुशू संघ पन्ना अध्यक्ष महेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, जिला जु.जित्सु संघ अध्यक्ष लॉरेंस एट्रेस, जिला शोतो काई कराटे संघ अध्यक्ष कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, सैफ उल्ला, प्रशिक्षक हर्षिता विश्वकर्मा, पीयूष विश्वकर्मा ने अनिकेत को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। अनिकेत की यह उपलब्धि न सिर्फ उनके परिश्रम की जीत है बल्कि पन्ना जिले के युवा खिलाड़ियों को एक नई दिशा और उम्मीद भी देती है।

# क्षेत्रीय विधायक डॉ राजेश वर्मा की उपस्थिति में किया गया वृक्षारोपण



**पन्ना।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वर्गीय जी एल बी मेमोरियल सर्वविकाश समिति के तत्वाधानमें गुनौर तहसील अंतर्गत सलेहा वन परि क्षेत्र कार्यालय परिसर में विधायक गुनौर डॉ राजेश वर्मा की उपस्थिति में में वृक्षारोपण का कार्य किया गया इस दौरान श्री वर्मा ने कहा कि सभी को अधिक से अधिक वृक्ष लगाना चाहिए क्योंकि पर्यावरण दूषित हो रहा है और उक्त पर्यावरण को सुधारने के लिए वृक्षों के अलावा कोई उपाय नहीं है वृक्ष हमें हवा पानी फल औषधीय सभी देते इसलिए हम सभी को वृक्ष लगाने की दिशा में कार्य करना होगा इस दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी सलेहा हरि सिंह एवं उनका स्टाप। तथा अशोक कुमार शर्मा अनिल कुमार गुप्ता लाला जैन छोटू जैन हरि शंकर गर्ग सोनू महराज आदि लोग उपस्थित रहे।

# नहर निर्माण कार्य में व्यापक भ्रष्टाचार

**पन्ना।** पवई जनपद पंचायत अंतर्गत खंपरिया पटना में बांध बनाया गया है जिसका निर्माण जल संसाधन विभाग के माध्यम से कराया गया है उक्त बांध से नहर का निर्माण कार्य चल रहा है विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से जलसंसाधन विभाग द्वारा नहर निर्माण का कार्य कराया जा रहा है उक्त कार्य घटिया एवं गुणवत्ता हीन हैं चल रहा है तथा शासकीय राशि का जमकर दुरुपयोग हो रहा है रेत के स्थान पर रखड़ा एवं नालों मिट्टी मिक्स धूल लगाई जा रही स्थानीय लोगों ने जिला कलेक्टर तथा कार्य पालन यंत्री जल संसाधन से मामले की जांच करा कर कार्यवाही करने की मांग की।

# आबकारी विभाग ने पकड़ी अवैध शराब, एक आरोपी गिरफ्तार




**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी पन्ना मुकेश कुमार मौर्य के मार्गदर्शन में पन्ना जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चल रहा है । आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त अजयगढ़ मुकेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में ग्राम सिंहपुर में एक आरोपी से 64 बल्क लीटर हाथभट्टी महुए की कच्ची शराब जप्त कर एक आरोपी के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया ।

आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय ने बताया कि मुखबिरों से सूचना प्राप्त हुई थी, कि ग्राम सिंहपुर में रवि सोनकर पिता माणिकलाल सोनकर, उम्र 35 वर्ष अपने रिहायशी मकान में अवैध रूप से हाथभट्टी से महुए की कच्ची शराब भारी मात्रा में बनाता है ।आबकारी टीम द्वारा अचानक रवि सोनकर के रिहायशी मकान पर दबिश दी ।विधिवत तलाशी के दौरान आरोपी रवि सोनकर के कब्जे से 5 डिब्बों में लगभग 64 बल्क लीटर हाथभट्टी महुए की कच्ची शराब बरामद हुई ।आरोपी के पास उक्त शराब के संबंध में कोई वैध परमिट या लायसेंस नही मिला । अत: 50 बल्क लीटर से अधिक शराब होने से आरोपी को मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के अपराध में गिरफ्तार किया गया ।आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जिला जेल पन्ना भेजा गया ।आबकारी विभाग द्वारा लगातार की जा रही कार्यवाईयों से अवैध शराब के कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है ।आगे भी अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलता रहेगा ।

इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय, आबकारी महिला आरक्षक स्मिता ठाकुर, आबकारी आरक्षक रवि प्रकाश मिश्रा, सोनू कोरकू,नगर सैनिक कौशल्या बाई, वीरेंद्र यादव, मोतीलाल प्रजापति और वाहन चालक सोहेल खान, सुशांत सिंह शामिल रहे।

# आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन की तिथि बढ़ी

**पन्ना।** कौशल विकास विभाग द्वारा नवीन शैक्षणिक सत्र में समस्त शासकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए निर्धारित पंजीयन तिथि बढ़ाकर 16 जून 2025 नियत की गई है। पूर्व में पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित थी। अब इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि तक वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीयन कर इच्छित संस्था व व्यवसाय के लिए च्वाईस फिलिंग कर सकते हैं। आईटीआई के विभिन्न टेड्ड में प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा 10वीं उत्तीर्ण है।

# बेटों के साथ मिलकर चाचा ने की भतीजे की हत्या, मृतक के छोटे भाई और मां पर भी किया हमला

**सतना।** मैहर जिले के कोतवाली थाना अंतर्गत अमिलिया कला में पारिवारिक विवाद में चाचा ने बेटों के साथ मिलकर कुल्हाड़ी से हमला कर भतीजे को मौत के घाट उतार दिया, तो वहीं बीच-बचाव में आई उसकी मां और छोटे भाई को भी जख्मी कर दिया। यह घटना सामने आते ही पुलिस अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि आशिक पुत्र राम सिया कोल 20 वर्ष और उसके चाचा लल्ली कोल के बीच काफी समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। 6 जून को युवक के घर से चावल चोरी हो गया, जिस पर मां अंजू बाई कोल 45 वर्ष, ने परिवार के ही कुछ लोगों पर संदेह जताया तो देवर लल्ली से उसका झगड़ा भी हुआ था। ऐसे में जब 7 जून की सुबह महिला खेत की तरफ गई तो आरोपी देवर ने दो बेटों पवन और अनिल के साथ मिलकर घेर लिया।

मां से विवाद की खबर लगते ही आशिक कोल अपने छोटे भाई करण कोल 18 वर्ष, के साथ बीच-बचाव के लिए मौके पर पहुंचा तो आरोपियों ने उन पर लाठी और टांगी से हमला कर दिया। इस घटना में करण जहां बुरी तरह घायल हो गया तो वहीं तीनों हमलावरों ने आशिक को सूखे कुएं में धक्का देकर गिरा दिया और नीचे उतरकर टांगी से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। महिला के हल्ला-गुहार मचाने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मदद के लिए आगे बढ़े तब आरोपी भाग निकले। इसके बाद मरणासन्न हालत में पहुंच चुके आशिक कोल को कुएं से बाहर निकालकर मां और भाई के साथ सिविल हॉस्पिटल मैहर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने तीनों को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया, लेकिन रास्ते में ही आशिक की सांसें थम गईं।

# भारतीय जनता पार्टी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधारोपण

**पन्ना।** विश्व पर्यावरण दिवस पर विधायक पन्ना ने किया वृक्षारोपण। पन्ना/विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी पन्ना द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय के बगल में परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना पांडे नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती आशा गुप्ता पूर्व जिला महामंत्री श्री विनोद तिवारी, कैलाश गुप्ता सहित जिला पदाधिकारी महिला मोर्चा पर्यावरण प्रेमी एवं ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया इस मौके पर विधायक श्री सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में आज से 15 अगस्त तक लगातार पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा इस दौरान प्रत्येक संगठन आत्मक कार्यक्रम की शुरुआत पौधारोपण से की जाएगी और लगाए पौधों के संरक्षण एवं रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। श्री सिंह ने इस अवसर पर सभी को पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दी श्री सिंह ने कहा कि एक पेड़ मां के नामअभियान में एक पेड़ लगाकर पर्यावरण और मातृत्व दोनों का सम्मान करना चाहिए इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना पांडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण के लिए के लिए यह अभियान मात्र एक प्रतीक नहीं बल्कि जन आंदोलन है एक पेड़ मां के नाम अभियान केवल एक पौधारोपण का कार्यक्रम नहीं बल्कि भावना जिम्मेदारी का संगम है। हमें इस अभियान को जन जन तक पहुंचना है ताकि हर नागरिक पर्यावरण सुरक्षा में भागीदार बने ।

# आश्रम से 2 छात्र लापता, 72 घंटे बाद भी सुराग नहीं

**सतना।** सिविल लाइन थाना अंतर्गत सोहावल स्थित बड़ा अखाड़ा आश्रम के 2 छात्र रहस्यमय ढंग से लापता हो गए, जिनका 72 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। टीआई योगेन्द्र सिंह परिहार ने बताया कि छतरपुर निवासी 13 वर्षीय छात्र और शहर के टिकुरिया टोला निवासी 12 वर्षीय छात्र बड़ा अखाड़ा में संचालित संस्कृत विद्यालय में पढ़ाई कर रहे थे, मगर 3 जून की सुबह तकरीबन 6 बजे किसी को बताए बिना आश्रम से निकल गए। काफी देर बाद जब उनके गायब होने की बात पता चली तो आश्रम व स्कूल के लोग खोजबीन में जुट गए, लेकिन बच्चे नहीं मिले। छात्रों के गायब होने की सूचना उनके परिजनों को देने के बाद सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई गई, जिस पर पुलिस फौरन जांच में जुटी और सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। काफी कोशिशों के बाद कुछ कैमरों में बच्चे सोहावल से सिविल लाइन के रास्ते स्टेशन की तरफ जाते दिखाई दिए। ऐसे में जिले के सभी थानों, आरपीएफ और जीआरपी को उनकी फोटो भेजने के साथ चित्रकूट और प्रयागराज के लिए पुलिस की टीमें रवाना की गई हैं, लेकिन तीन दिन बीतने के बावजूद बच्चे नहीं मिले, जिससे परिजन और आश्रम प्रबंधन के साथ ही पुलिस की भी चिंताएं बढ़ती जा रही हैं।

# सौहाद्रपूर्ण ढग से मनाई गई ईद

## खुदा की राह में दी कुर्बानी, गले मिलकर दी ईद की मुबारकबाद

**पन्ना।** मुस्लिम समुदाय के सबसे अहम त्यौहारों में एक ईदु-उल- अजहा आज जिले भर में उत्साह के साथ मनाया गया। कुर्बानी का त्यौहार कहे जाने वाले ईद उल अज़हा बकरीद का त्यौहर शहर में उत्साह व अकीदत के साथ मनाया गया। ईदु-उल- अजहा के त्यौहार को लेकर लोगों उत्साह देखा गया। इन दिनों शहर में भीषण गर्मी का दौर जारी है, पारा 45 डिग्री तक पहुंच रहा है। ऐसे में ईद की नमाज के लिए पहले से ही सुबह जल्दी नमाज अदा करने का एलान किया गया था। शहर कमेटी द्वारा शहर की बादशाह साईं मस्जिद में सुबह 8:30 बजे नमाज का समय निर्धारित किया था। गर्मी को देखते हुए लोग भी सुबह-सुबह मस्जिद पहुंचे और ईद की विशेष नमाज अदा की गई। शहर की बादशाह सांई मस्जिद इमाम मौलाना अब्दुल माबूद, ईदगाह मस्जिद में इमाम मौलाना सिराजुल हसन व जामा मस्जिद किशोरगंज में इमाम मौलाना मोईज्जोद्दीन नदवी ने ईद की नमाज पढ़ाई। वहीं कुर्बानी और समर्पण के पर्व ईद-उल अजहा (बकरीद) जिलेभर में परम्परागत ढ़ंग से मनाया गया। नमाज के बाद लोगों ने देश की खुशहाली और अमन के लिए दुआ की। नमाज के गर्मी के बावजूद मुस्लिम समाज के लोग कब्रस्तान पहुंचे, जहां अपने बुजुर्गों को ईद की मुबारकबाद दी। कुर्बानी के इस पर्व पर परम्परानुसार बकरों की कुर्बानी दी गई। बकरीद के मौके पर शहर के सभी धर्म के लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर सौहाद्रपूवर्क ईद का



त्यौहार मनाया। ईद की विशेष नमाज के लिये प्रशासन द्वारा सभी मस्जिदों में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। इस पर्व का इस्लाम में बहुत महत्व है, बताया जाता है कि खुदा के नेक बंदे हजरत इब्राहीम को अल्लाह ने सपने में हुक्म दिया कि वे खुदा की राह में अपनी सबसे प्यारी चीज कुर्बान करें। तब हजरत इब्राहीम ने अपने इकलौते बेटे इस्माइल जो उन्हें सबसे प्यारा था, कुर्बान करने का मन बनाया। इस बात से इस्माइल भी खुश हुऐ। वे अल्लाह की राह में खुशी-खुशी कुर्बान होने तैयार हो गये। बकरीद के दिन जब कुर्बानी का समय आया, तो फरिस्तों ने इस्माइल को हटाकर उनके स्थान पर दुम्बा (भेड-बकरा) रख दिया और उसकी कुर्बानी हो गई। अल्लाह ने इस्माइल को बचाया और हजरत इब्राहीम की कुर्बानी कुबूल की। तभी से बकरीद में कुर्बानी का सिलसिल चला आ रहा है। जिले भर में ईद का त्यौहार उत्साह के साथ मनाया गया। गुनौर रैपुरा, शाहनगर, अमानगंज, अजयगढ़, देवेन्द्रनगर, ककरहटी, पवई में भी अकीदत के साथ नमाज अदा की गई। पवित्र नगरी पन्ना में बकरीद का त्यौहार सौहाद्रपूर्वक बनाया गया। सभी धर्मों के लोगों ने मुस्लिम भाईयों को ईद की मुबारकबाद दी। जिला प्रशासन ने ईद के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतेजाम किये। मुस्लिम समाज के शहर सदर रमजान मोहम्मद एवं शहरकाजी मौलाना मोईज्जोद्दीन ने सभी को ईद की मुबारकबाद दी और सुरक्षा व्यवस्था के लिये जिला प्रशासन सहित शहर में अमन बनाए रखने और सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने के लिए सभी शहरवासियों का आभार जताया।

वहीं अक्सर कुर्बानी के बाद बचा हुआ मांस व खाल आदि कचरे में फैंका दिया जाता था, जिससे कई लोगों को परेशानी होती थी। इसे देखते हुए शहर कमेटी पन्ना एवं नगर पालिका द्वारा लोगों से अपील की गई कि कुर्बानी के दौरान निकली खाल आदि को खुले में न फैंके, इसके लिए नगर पालिका ने अलग से वाहन की व्यवस्था की थी, जिसके माध्यम से सभी खाल व अवशेष को एकत्र कर एक स्थान में गड्ढा बनाकर डिस्पोज कर दिया गया। इस तरह सभी ने आपसी समन्वय के साथ सौहार्दपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाया।

संभाग के सभी जिलों में जारी जल गंगा संवर्धन अभियान की निगरानी के लिए कमिश्नर बीएस जामोद ने संभागीय अधिकारियों के 6 दल तैनात किए हैं। इन दलों द्वारा भ्रमण करके जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे जल संरक्षण के कार्यों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।



## विकसित कृषि संकल्प अभियान अन्तर्गत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया गया वृक्षारोपण



**रीवा।** विकसित कृषि संकल्प अभियान अन्तर्गत गत दिवस ग्राम माला ममं आयोजित कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों व कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को शासन की योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही राष्ट्रीय कृषि खेती मिशन एवं कृषि अभियांत्रिकी से संबंधित जानकारी दी गई।

जनप्रतिनिधियों व किसानों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्यपालन की योजनाओं से किसानों को अवगत कराते हुए आय में वृद्धि के संबंध में विस्तार से जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया गया। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिक डॉ. ए.के. पटेल, मुनीश पाण्डेय, सरल जी, दीपक श्रीवास्तव, श्रीमती ललिता साकेत, आदर्श पाण्डेय, अभिषेक शर्मा, राहुल पाटीदार ने किसानों को उन्नत तकनीक की जानकारी दी। इस दौरान कृषक शेष प्रताप सिंह द्वारा बोई गई ग्रीष्म कालीन मूंग का निरीक्षण कृषि वैज्ञानिकों ने किया। कार्यक्रम के उपरांत एक पेंड माँ के नाम अभियान अन्तर्गत आम, बडहर के पौधे रोपे गये। कार्यक्रम के लगभग 104 किसानों की उपस्थिति रही।

इस प्रकार विकासखंड रीवा के जिला रीवा में, ग्राम पंचायत मधेपुर में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसान संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कृषि वैज्ञानिक डॉ. किंजलक सिंह, डॉ. स्मिता सिंह, अरुण शुक्ला, डॉ. वंदना द्विवेदी विकासखंड तकनीकी प्रबंधक आत्मा, साक्षी द्विवेदी, डॉ. अंजली गौतम, सरपंच एवं रोजगार सहायक शामिल हुए ।

कार्यक्रम में कृषकों को नवीनतम किस्म, कृषि यंत्र, मृदा जांच, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना ,कस्टम हायरिंग,नरवाही प्रबंध एवं सुपर सीडर के बारे में जानकारी दी गई, और कृषि एवं संबंधित विभागों की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

### कलेक्टर आज करेंगी टीएल पत्रों की समीक्षा

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 9 जून को कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में टीएल पत्रों की समीक्षा करेंगी। बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, जल गंगा संवर्धन अभियान, पेयजल व्यवस्था तथा बाढ़ नियंत्रण की समीक्षा की जायेगी। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

### संभाग स्तरीय नजूल भूमि निवर्तन समिति की बैठक 9 जून को

**रीवा।** कमिश्नर बी एस जामोद की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय नजूल भूमि निवर्तन समिति की बैठक 9 जून को आहूत की गई है। कमिश्नर कार्यालय में सुबह 11ः30 बजे से आयोजित बैठक में रीवा एवं सिंगरौली जिले के प्रस्तुत भूमि निवर्तन संबंधी प्रकरणों पर निर्णय लिया जाएगा। बैठक में कलेक्टर रीवा एवं सिंगरौली, अपर आयुक्त, संयुक्त संचालक नगर एवं ग्राम निवेश तथा जिला पंजीयन रीवा उपस्थित रहेंगे।

## डाकघर में हरित योग के तहत पौधारोपण



**रीवा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, रीवा के प्रधान डाकघर परिसर में हरित योग पहल के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और हरित भारत के निर्माण में योगदान देना था।

हरित योग, आयुष मंत्रालय की एक पहल है, जो योग और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ जोड़ती है। इस पहल के तहत, देशभर में वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान और योग सत्रों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़े और सतत जीवनशैली को अपनाया जा सके।

रीवा सिटी में आयोजित अभियान के तहत, प्रतिभागियों ने पत्रों और रचनात्मक अभिव्यक्तियों के माध्यम से प्रकृति और डाक विभाग के प्रति अपने विचार साझा किए। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को पत्र लेखन के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जागरूक करना था।

इस अवसर पर रीवा डाक संभाग के अधीक्षक श्री आर.के. तिवारी, सहायक अधीक्षक श्री आर.पी. शर्मा, शिकायत निरीक्षक श्री मयंक पटेल, पोस्टमास्टर डॉ. एल.जे. गौतम एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

रीवा सिटी और सिंगरौली उपडाकघर सहित संभाग के कई अन्य डाकघरों में भी पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में स्थानीय समुदाय की भागीदारी भी देखी गई, जिससे यह पहल और अधिक प्रभावशाली बनी।

डाक विभाग, पर्यावरण संरक्षण और हरित भारत के निर्माण के लिए निरंतर संकल्पित है। हरित योग जैसी पहलें इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं, जो न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाती हैं, बल्कि लोगों को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित भी करती हैं।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान में 12 ग्राम पंचायतों में लगाए गए शिविर

**रीवा।** रीवा और मऊगंज जिले में 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत कृषि, उद्यानिकी, मछली पालन तथा पशुपालन विभाग के अधिकारी एवं कृषि वैज्ञानिक दल पंचायत स्तर पर किसानों के बीच जाकर उन्नत खेती की जानकारी दे रहे हैं। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि 5 जून को जवा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कल्याणपुर तथा रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड के ग्राम गोरगांव 164 में शिविर लगाया गया है। इसी तरह रीवा जिले के गंगेव, मऊगंज जिले के हनुमना सहित 12 ग्राम पंचायतों में शिविर लगाए गए। कल्याणपुर में आयोजित शिविर कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिकों ने धान की उन्नत किस्म, धान रोपाई के यंत्र तथा खाद के संतुलित उपयोग के संबंध में जानकारी दी। किसानों को मिट्टी का परीक्षण कराने एवं मृदा हेल्थ कार्ड के अनुसार फसलों में खाद के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में पशुपालन विभाग की डॉ अम्बेडकर कामधेनु योजना, आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना तथा पशुओं के टीकाकरण के संबंध में जानकारी दी गई। वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी ने किसानों को बीजोपचार, मोटे अनाजों की खेती, दलहन तथा तिलहन फसलों के उन्नत बीज एवं कृषि उपकरणों की जानकारी दी गई। गोरगांव में आयोजित शिविर में 75 किसान शामिल हुए। इन किसानों को सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर के उपयोग, धान की उन्नत किस्मों तथा फसलों में कीट नियंत्रण की जानकारी दी गई। किसानों को फसलों में खरपतवार नियंत्रण एवं जैविक दवाओं के उपयोग से कीट नियंत्रण के लिए प्रेरित किया गया। किसानों को नरवाई न जलाने और इससे खाद बनाने की सलाह दी गई। शिविर में कृषि, पशुपालन, मछलीपालन, उद्यानिकी, ग्रामीण विकास विभाग तथा अन्य मैदानी कर्मचारी और किसान शामिल हुए।

## जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने 25 लापरवाहों का काटा वेतन

**रीवा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने गत दिवस जल गंगा संवर्धन अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा की। निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने तथा अपेक्षा के अनुरूप प्रगति न होने पर 20 उपयंत्री, रोजगार सहायक एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस देकर उत्तर संतोषजनक न होने पर सात दिन का वेतन राजसात करने के आदेश दिए हैं। जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार उपयंत्री अजय पटेल धौचट, उपयंत्री अशोक शुक्ला बहुरीबांध, उपयंत्री स्मिता तिवारी टीकर, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान गोविंद नारायण श्रीवास्तव तथा अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत जवा नागेन्द्र सिंह का वेतन काटा गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत नईगढ़ी अनीष पाण्डेय, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मऊगंज अमित द्विवेदी, उपयंत्री रतनगवां खास ददन पाठक, उपयंत्री देवतालाब पवन गुप्ता तथा उपयंत्री कनकेसरा बैकुंठ शुक्ला का वेतन काटने के आदेश दिए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने उपयंत्री उमरी शिवेन्द्र मोहन तिवारी, उपयंत्री सीतापुर शोभनाथ साकेत, उपयंत्री महसांव महेश स्वर्णकार, उपयंत्री लक्ष्मणपुर लक्ष्मीकांत तिवारी, उपयंत्री अगडाल अरूण पटेल तथा अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत रीवा रश्मि गौतम का वेतन काटने के आदेश दिए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने 9 लापरवाह ग्राम रोजगार सहायकों के भी सात दिन का वेतन काटने के आदेश दिए हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान, मनरेगा योजना तथा अन्य निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने पर यह कार्यवाही की गई है। जारी आदेश के अनुसार ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत जिउला शुभम तिवारी, ग्राम रोजगार सहायक डिहिया नरसिंहपुर प्यारेलाल साकेत, ग्राम रोजगार सहायक पंचायत पड़िया श्रीमती अंजू सिंह, जीतेन्द्र रावत ग्राम रोजगार सहायक पुरैनी, रजनीश पाठक ग्राम रोजगार सहायक बम्हौरी, नीतू कुशवाहा ग्राम रोजगार सहायक करहिया नम्बर एक, लोकनाथ यादव ग्राम रोजगार सहायक सुपिया, श्रद्धा पाण्डेय ग्राम रोजगार सहायक शिवपुर्वा 601 तथा ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत नौवस्ता श्रीमती वंदना शुक्ला के सात दिन का वेतन काटने की कार्यवाही की है।

### नायब तहसीलदार हनुमना कार्यमुक्त

**रीवा।** मऊगंज जिले के हनुमना तहसील के नायब तहसीलदार सौरव मरावी का स्थानांतरण शासन द्वारा सिवनी जिले के लिए किया गया है। कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने नायब तहसीलदार श्री मरावी को नवीन पदस्थापना में पदभार ग्रहण करने के लिए भारतमुक्त करने के आदेश दिए हैं।

### सहायक ग्रेड-तीन निलंबित

**रीवा।** कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने उप तहसील देवतालाब में पदस्थ सहायक ग्रेड-तीन अजीत सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने, अनुशासनहीनता एवं पदीय दायित्व के निर्वहन में उदासीनता के आरोप में सहायक ग्रेड-तीन को निलंबित करते हुए मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय हनुमना नियत किया गया है।

## पी.के. गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल रीवा के सांदीपनि विद्यालय में उन्नयन के कार्यों को प्राथमिकता से करें पूर्ण : शुक्ल

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा जिले में सांदीपनि विद्यालय और अन्य विद्यालयों के उन्नयन एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पी.के. गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल, रीवा को सांदीपनि विद्यालय के रूप में विकसित किए जाने के लिए किए जा रहे कार्यों की विशेष चर्चा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि ऑडिटोरियम, खेल सुविधाएँ, फर्नीचर और अन्य निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं ताकि आगामी शैक्षणिक सत्र से सेवाओं का संचालन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की तकनीकी अड़चनों को त्वरित रूप से उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाकर प्राथमिकता के आधार पर निराकृत किया जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा शहर के समीपवर्ती क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों के प्रस्तावित उन्नयन कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की और निर्देशित किया कि सभी आवश्यक औपचारिकताओं को शीघ्रता से पूर्ण कर प्रस्तावों को सक्षम स्तर पर अनुमोदन के लिए भेजा जाए। उन्होंने कहा कि रीवा शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों के उन्नयन को प्राथमिकता से किया जाये, जिससे इन क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और उन्हें शिक्षा हेतु शहर आने की असुविधा न हो। आयुक्त, स्कूल शिक्षा श्रीमती शिल्पा गुप्ता, पीआईयू, एवं एप्को के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रभारी तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों के मध्य कार्य विभाजन

**रीवा।** कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने कार्यालयीन कार्य एवं प्रशासनिक व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जिले में पदस्थ प्रभारी तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों के मध्य कार्य विभाजन किया है। बी.के. पटेल प्रभारी तहसीलदार को मऊगंज के साथ नईगढ़ी तहसील का आहरण संवितरण अधिकारी बनाया गया है।

## पशु चिकित्सा महाविद्यालय में आयोजित हुआ विधिक जागरूकता शिविर

**रीवा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री समीर कुमार मिश्र के नेतृत्व में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पशु चिकित्सा महाविद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती प्रतिभा शर्मा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ने पॉक्सो अधिनियम एवं सायबर कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि पॉक्सो अधिनियम में बालक-बालिकाओं की सुरक्षा हेतु कड़े प्रावधान किए गए हैं और इस संबंध में सब को जागरूक करने की आवश्यकता है ताकि बालक-बालिकाएं सुरक्षित रह सकें। जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा ने नालसा नशा उन्मूलन योजना के बारे में जानकारी देते हुए नशे के दुष्परिणामों के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया और उन्हें नशे की गिरफ्त मे न आने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम मे स्वागत उद्बोधन पशु चिकित्सा महाविद्यालय के प्रभारी डीन डॉ.श्री नीतेश कुमार ने दिया और आभार डॉ. श्री स्वतंत्र कुमार सिंह ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्पिता श्रीवास्तव ने किया। कार्यकम में पशु चिकित्सा महाविद्यालय के प्राध्यापक विकास मिश्रा, आनंद पाण्डेय, सुमित सिंह, श्रीमती भारती शर्मा, डॉ. अजीत सिंह, श्रीमती स्वेता गुप्ता एवं डॉ. मुनीन्द्र द्विवेदी एवं समाजसेवी जयप्रकाश मिश्रा एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एक ही घर से उठी चार अर्थियां, मुखाग्नि देने वाला कोई नहीं

**रीवा।** मध्यप्रदेश के रीवा के सोहागी घाटी में हुए दर्दनाक हादसे में सात लोगों ने अपनी जान गंवा दी। घटना में चार लोग एक ही परिवार के हैं, जो गंगा स्नान कर लौट रहे थे। तभी ऑटो के ऊपर ट्रक पलट गया और ये दर्दनाक हादसा हुआ। आज शुक्रवार को सभी का अंतिम संस्कार हुआ। दरअसल ये पूरी घटना चार जून की है। प्रयागराज से गंगा स्नान कर लौट रहे श्रद्धालु की ऑटो के ऊपर सीमेंट की सीट से लोड ट्रेलर पलट गया था। इस दर्दनाक हादसे में सात लोगों की मौत हो गई थी। जान गंवाने वाले में रामजी जायसवाल, उनकी पत्नी पिंकी जयसवाल, पुत्र शिवम जयसवाल और पिता हीरालाल जायसवाल चार लोग एक ही परिवार के हैं। इसके अलावा तीन लोग अभी भी जिंदगी मौत से जूझ रहे हैं।

शुक्रवार को परिवार के चारों लोगों का शव अंतिम संस्कार के लिए ग्रह ग्राम भमरा पहुंचा तो हर आंख नम हो गई। गांव में एक साथ चार शव देखकर हर कोई दुखी था। इस हादसे ने तीन पीढ़ियों को खत्म कर दिया। पिता सहित मां-बाप और बेटे ने अपनी जान गंवा दी। हालांकि पूरे गांव की मौजूदगी में भमरा गांव के श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। छोटे भाई दीपक जायसवाल ने मुखाग्नि दी।

ग्रामीणों की मानें तो पिता हीरालाल भमरा गांव में ही रहते थे। एक दिन खबर आई के बेटे ने बाहर रहकर नया ऑटो खरीदा है। तभी पिता ने बेटे से गंगा नहाने की अपनी इच्छा जाहिर की। इस पर बेटा अपने पिता और बहन उसके बच्चे और अपना परिवार लेकर प्रयागराज निकला। गुरुवार के तड़के सुबह भोर में सभी ने गंगा में डुबकी लगाई। उसके बाद सभी लोग वापस अपने गांव मऊगंज जिले के भमरा गांव के लिए रवाना हुए। ऑटो गुरुवार की दोपहर लगभग 12 बजे सोहागी घाटी पर पहुंचा। उसी समय बगल से जा रहे सीमेंट शीट से लोड ट्रक को ओवर टेक करने के दौरान गड्ढे के चलते चलते ट्रक ऑटो के ऊपर ही पलट गया। इस दर्दनाक घटना में पांच लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इसके अलावा गंभीर रूप से घायल दो और लोगों की सांसें अस्पताल लाते वक्त थम गईं। इनके अलावा तीन लोग अस्पताल में जिंदगी मौत से जूझ रहे हैं। इस घटना में मृतक रामजीत जायसवाल की दो बहनों के तीन बच्चों की भी मौत हो गई।

ग्रामीणों की माने तो भमरा गांव में जन्मे रामजीत जायसवाल की शादी पिंकी जायसवाल निवासी जबलपुर से हुई थी। दोनों लोग गांव छोड़कर उमरिया जिले में रहकर अपना जीवन यापन करते थे। रामजीत अपनी जिंदगी का गुजारा गोलगप्पे और चाट ठेला लगाकर करते थे। रोजी में बरकत होने लगी। तो रामजीत ने ऑटो खरीदने का फैसला किया और जनवरी माह में उसने ऑटो खरीद लिया। तभी बीते दिनों वह अपने पिता की गंगा नहाने की इच्छा पूरी करने के लिए अपने परिवार के साथ ऑटो लेकर मऊगंज जिले के भमरा ग्राम आया और 4 जून को वह परिवार के साथ अपने पिता और बहन उसके बच्चों को लेकर प्रयागराज निकला।

### उत्तरप्रदेश एवं मध्यप्रदेश के अधिकारियों की संयुक्त बाढ़ नियंत्रण समिति की बैठक आज

**रीवा।** उत्तरप्रदेश एवं मध्यप्रदेश के अधिकारियों की संयुक्त बाढ़ नियंत्रण समिति की बैठक गूगल मीट के माध्यम से 9 जून को सुबह 11.30 बजे से कमिश्नर कार्यालय में आयोजित की गई है। बैठक में कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, डीआईजी राजेश सिंह, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी कमिश्नर कार्यालय स्थित एनआईसी से वीडियो कान्फ्रेंसिंग से जुड़ेंगे।

### मुख्यमंत्री आज रीवा आकर भोपाल जायेंगे

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 9 जून को शाम 6 बजे हेलीकाप्टर द्वारा ब्यौहारी से रीवा एयरपोर्ट पहुंचेगे। तदुपरांत मुख्यमंत्री जी शाम 6.10 बजे रीवा एयरपोर्ट से वायुयान द्वारा भोपाल रवाना होंगे।

## डेयरी व्यवसाय ने उमा मिश्रा को बनाया आत्मनिर्भर

**रीवा।** जिले के जनपद रीवा की रहने वाली उमा मिश्रा गरीबी में अपना जीवन यापन करती थीं। उनके पति लकवा ग्रस्त हैं तथा आर्थिक स्थिति ठीक न होने से बड़ी मुश्किल से अपने घर परिवार व बच्चों की परवरिश कर पा रही थीं। उमा मिश्रा स्वसहायता समूह से जुड़कर अब डेयरी व्यवसाय से अपनी खुशहाल जिंदगी जी रही है। उमा बताती हैं कि मेरे पति लकवाग्रस्त हैं जिससे वह कुछ काम नहीं कर पाते। मैंने म.प्र. ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित स्वसहायता समूह से जुड़कर एक भैंस खरीदी और दूध का व्यवसाय शुरू किया।


काउसिंलिंग कोड 608

श्री रामकृष्ण

कालेज आफ फार्मेसी

पीसीआई/9649 द्वारा अनुमोदित, आरजीपीवी भोपाल द्वारा सबद्ध

डी.फार्मा

रजिस्ट्रेशन के लिए तुरंत संपर्क करें



पता:-ग्राम देवरा, गुरुकुल स्कूल के पास, चोरहटा, रीवा (म.प्र.)

मो.: 9584324641, 6262084843, 7470944611



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833